


# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 03/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 17 जुलाई 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in





सांध्यप्रकाश विशेष

## केदारनाथ धाम में मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे श्रद्धालु, पकड़े जाने पर होगी कानूनी कार्रवाई



हाल ही में कई विवादास्पद वीडियो के कारण चर्चा में रहे केदारनाथ धाम से जुडी एक बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि, केदारनाथ मंदिर में मोबाइल फोन लेकर प्रवेश करने, फोटो लेने और वीडियो बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। बोर्ड में साफ तौर पर कहा गया है कि ऐसा करते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बदरीनाथ और केदारनाथ मंदिर समिति ने इस संबंध में मंदिर परिसर में कई जगह बोर्ड भी लगा दिए हैं। बोर्ड में साफ-साफ लिखा हुआ है कि, मंदिर परिसर में मोबाइल फोन लेकर प्रवेश न करें। मंदिर में वीडियो और फोटो खींचने पर भी बैन लगा दिया गया है। बोर्ड में कहा गया है कि मंदिर प्रांगण में तंबू या शिविर स्थापित करना दंडनीय अपराध है।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि, अभी कुछ दिनों पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमे देखा जा रहा था कि, मंदिर परिसर में एक लड़की घुटनों के बल बैठकर अपने बॉयफ्रैंड को प्रपोज कर रही थी।

## एक साल में 140 अरब की शराब पी गए इंदौरी.. गजाब कर दिया



**इंदौर।** इंदौर स्वच्छता में नंबर वन तो है ही, यह बात पूरे भारत को पता हैं, क्या आप जानते हैं कि इंदौर के लोग एक साल में 140 अरब की शराब पी गए? या यूं कहें की शराब नीति की बहाती गंगा में सभी ने डुबकी लगाई।

यह आंकड़े विधानसभा सत्र में पेश किए गए थे, हम आपको बता दें कि पिछले दिनों विधानसभा का सत्र हंगामे के बाद स्थगित कर दिया गया था। यह पर कांग्रेस के विधायक जीतू पटवारी ने शराब दुकानों के ठेके, को लेकर प्राप्त राजस्व, शराबबंदी और खपत में हुए इजाफे को लेकर भी कई सवाल पूछे गए थे। जिसमें चौकाने वाला खुलासा हुआ, जहां शासन को अधिक राजस्व शराब दुकानों की नीलामी में हासिल हुआ तो वहीं साल भर में इंदौर में भी 140 अरब से अधिक की शराब यहां के लोगों द्वारा पी ली गई।


इंदौर विधानसभा से कांग्रेस विधयाक ने जब विधानसभा में सवाल पूछा कि शराब की खपत में वैसे तो लगातार वृद्धि हो रही, जिसके चलते ठेकों की राशि भी कई गुना बढ़ गई और कीमतों में लगातार इजाफा भी हो रहा। जो की घटनी चाहिए थी लेकिन उसका विपरीत प्रभाव हुआ, लगातार बढ़ती जा रही। मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के विधायक जीतू पटवारी द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में इंदौर सहित सभी 52 जिलों में शराब की खपत के आंकड़े प्रस्तुत किए गए, जिसमें इंदौर वर्ष 2021 और 2022 में 107 अरब की शराब की बिक्री हुई थी, वहीं 2022 और 23 में इस आंकड़े में काफी उछाल देखने को मिला जिसमें 140 अरब पार कर दिया है। इंदौर के लोग, एक करोड़ 32 लाख की तो देसी शराब ही पी गए, जिसमें सब से ज्यादा देसी शराब की खपत और बिक्री हुई। जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 गुना से अधिक की गई। वही दूसरी ओर विदेशी शराब की खपत भी अंदाजन साढ़े आठ लाख प्रूफ लीटर की गई। 2440 प्रूफ लीटर की साला में खपत हो रही है और 26.47 लाख बल्क लीटर बीयर की खपत भी हुई है।

### मुख्यमंत्री ने किया शाजापुर में पहले सीएम राइज स्कूल का लोकार्पण और स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ

# सीएम राइज स्कूल से दुनिया के बेहतर छात्र निकलेंगे: चौहान

**शाजापुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रदेश के पहले सीएम राइज स्कूल का लोकार्पण शाजापुर जिले की के गुलाना क्षेत्र में किया। इस दौरान जिले से बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राए कार्यक्रम स्थल पहुंचे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम सीएम राइज स्कूल में बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराएंगे। दुनिया में जो सबसे बेहतर स्कूल होते हैं, वैसी ही सुविधाएं इन स्कूलों में उपलब्ध कराएंगे। हमारे बच्चे दुनिया के बेहतर बच्चे बनेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि सरकार अच्छी से अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराएगी। कोविड में जब मैं बीमार पड़ा तो बैड पर पड़े-पड़े काम कर रहा था। उसी दौरान मुझे विचार आया कि अमीर बच्चों के लिए तो बड़े-बड़े स्कूल हैं। गरीब बच्चों के लिए अच्छे स्कूल नहीं हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे सुविधाओं के अभाव में बेहतर शिक्षा नहीं मिल पाती। इसलिए हमने सीएम राइज स्कूल बनाने का निर्णय लिया। हम



प्राइवेट स्कूलों से अच्छे स्कूल बना रहे हैं।

श्री चौहान ने कहा कि आज गोलाना में सबसे पहला सीएम राइज स्कूल तैयार हो रहा है। अभी प्रदेश में ऐसे तीन सौ स्कूल बन रहे हैं। आने वाले समय में नौ हजार ऐसे स्कूल बनाऊंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो नई शिक्षा नीति बनाई है, हम उसे लागू कर रहे हैं। केवल बिल्डिंग ही अच्छी नहीं बनेगी, हम दिल्ली और बंबई के शिक्षकों से भी यहां पढ़वाएंगे। यहां बैठे-बैठे उन्हें बाहर के शिक्षक पढ़ाएंगे, उन्हें लगेगा कि वे उनके बीच बैठकर ही पढ़ा रहे हैं।

जिले में लगातार बारिश के चलते आयोजन स्थल के आसपास कीचड़ फैल गया, जिससे छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में परेशानियां हुई। कार्यक्रम स्थल के कुछ हिस्से में कीचड़ की वजह से छात्र-छात्राओं को कुर्सी लगाकर बैठना पड़ा। छात्र-छात्राओं के साथ ही शिक्षकों व अन्य लोगों को भी परेशानी उठाना पड़ी।

## बेंगलुरु में विपक्षी एकता बैठक, 26 पार्टियां शामिल




**बेंगलुरु।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को हराने के लिए बेंगलुरु में विपक्षी दलों की दूसरी बैठक आज से शुरू हो रही है। कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने बताया कि इसमें 26 पार्टियां शामिल हो रही हैं। वेणुगोपाल ने कहा- सभी पार्टियों के नेता बेंगलुरु पहुंच रहे हैं। सोनिया और राहुल गांधी भी आ रहे हैं। आज शाम को सोनिया गांधी ने विपक्षी दलों को डिनर पर बुलाया है। कल बैठक होगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और शरद पवार आज बेंगलुरु नहीं आएंगे। दोनों कल की बैठक में शामिल होंगे। पवार के साथ सुप्रिया सुले भी आएंगी। सूत्रों के मुताबिक, विपक्ष की मीटिंग के एजेंडे में तीन बातों पर चर्चा हो सकती है- पहला- लोकसभा चुनाव में विपक्ष की एकजुटता, दूसरा- सीट शेयरिंग और तीसरा- यूपीए का नया नाम।

उधर, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 18 जुलाई को दिल्ली के अशोका होटल में एनडीए की मीटिंग बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। एनडीए की बैठक पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मुझे ताज्जुब है कि मोदी जी ने राज्यसभा में कहा था कि मैं सभी विपक्षियों पर अकेला भारी हूं। अगर वो सभी विपक्षियों पर अकेले भारी हैं तो वो कल एनडीए की मीटिंग में 30 पार्टियों को क्यों बुला रहे हैं?

## सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए दारा सिंह चौहान, योगी मंत्रिमंडल में मिलेगी जगह!



**नई दिल्ली।** सपा विधायक दारा सिंह चौहान आज भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश मुख्यालय में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसके पहले उन्होंने यूपी के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलकर उन्हें इस्तीफा सौंपा। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी भी मौजूद थे। दारा सिंह चौहान मऊ की घोसी सीट से सपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे।



## सावन सोमवार और सोमवती अमावस्या का योग

### गंगा-नर्मदा स्नान.. महाकाल, काशी विश्वनाथ, ओमकार, बाबा वैद्यनाथ मंदिर में भक्तों की भीड़

**उज्जैन।** आज सावन का दूसरा सोमवार है। इस दिन सोमवती अमावस्या भी है। 57 साल बाद ऐसा संयोग बना है, जब श्रावण माह के सोमवार के दिन सोमवती हरियाली अमावस्या पड़ी है। इससे पहले यह योग 1966 में बना था। आज गंगा, नर्मदा सहित सभी नदियों में पवित्र स्नान के लिए लोग तड़के से ही उमड़ पड़े। हरिद्वार, वाराणसी, प्रयागराज सहित तमाम शहरों में विशेष व्यवस्थाएं रहीं। उज्जैन में महाकाल, वाराणसी में काशी विश्वनाथ, ओंकारेश्वर में ओमकार, देवघर में बाबा वैद्यनाथ के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी है। मंदिरों में हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय गूंज रहे हैं।

**भगवान महाकाल:** उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के पट रात ढाई बजे खोल दिए गए। सुबह 10 बजे तक 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। शाम तक 4 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। श्रद्धालु शिप्रा नदी में डुबकी लगाकर महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु तड़के होने वाली भस्म आरती में शामिल होने पहुंचे। भीड़ अधिक होने की वजह से प्रोटोकॉल दर्शन



व्यवस्था को पूरी तरह से बंद किया गया है। नंदी हॉल को भी बंद कर दिया है।

**काशी विश्वनाथ:** वाराणसी में बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में सुबह की मंगला आरती के बाद 4 बजे से ही दर्शन का सिलसिला शुरू हो चुका है। आज शाम गौरी-शंकर का खास श्रृंगार होगा। दोपहर 1 बजे भोपाल से आए 109 डमरू दल 3 किमी रैली निकालेंगे। आज 10 लाख भक्त काशी पहुंच सकते हैं। चित्रकूट में भक्तों पर पहली बार हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई है।

## हिमाचल में बादल फटा, एक की मौत, 9 गाड़ियां बहीं

### हरिद्वार में खतरे के निशान के करीब गंगा, वाराणसी-प्रयागराज में घाट डूबे

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के कायस गांव में सोमवार सुबह बादल फट गया। इससे एक की मौत हो गई और 3 घायल हैं। 9 गाड़ियां पानी में बह गईं। कुल्लू के ही खराहल में भी आधी रात को बादल फटा, नाले में बाढ़ से नेउली स्कूल और कई घरों में पानी भर गया। एक गाड़ी भी चपेट में आई है। दिल्ली में यमुना नदी का वाटर लेवल लगातार घट रहा है। वहीं उत्तराखंड और यूपी के कई जिलों में अब गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है।

रविवार को हरिद्वार में गंगा का जलस्तर 293.15 मीटर रिकॉर्ड किया गया, जबकि खतरे का निशान 294 मीटर है। नदी से सटे हुए इलाकों में



अलर्ट जारी किया गया है। देवप्रयाग में गंगा नदी 20 मीटर और ऋषिकेश पहुंचते-पहुंचते 10 सेमी बढ़ गई। वाराणसी और प्रयागराज में घाट डूबने लगे हैं। कुछ छोटे मंदिरों में पहले ही पानी भर चुका है।

**यमुना के जलस्तर में फिर से बढ़ोतरी**- राजधानी में यमुना नदी का जलस्तर रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ जाने से दिल्ली में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए दिल्ली सरकार अलर्ट है। यमुना का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। सोमवार को नदी के जलस्तर में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली है। आज सुबह नौ बजे यमुना नदी का जल स्तर 205.58 मीटर दर्ज किया गया, जो सुबह आठ बजे 205.50 मीटर दर्ज किया गया था।

## नरसिंहपुर से उदयपुरा आ रही यात्री बस पलटी 3 किलोमीटर लंबा जाम लगा, दर्जन भर यात्री घायल

नरसिंहपुर। गाडरवारा से रायसेन जिले के उदयपुरा आ रही निजी यात्री बस कृषि उपज मंडी के सामने अनियंत्रित होकर पलट गई है। बस में 40 सबारी थी । लगभग एक दर्जन सबारियो को आई चोट आई हैं।

बस पलटने से तीन किलोमीटर लगा बाहनों का जाम लग गया है।एक



घंटा मशक्कत के बस को जेसीवी के द्वारा हटाकर जाम खोला गया है। सोमवती अमावस्या के अवसर पर बोरास जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। सूचना मिलते ही उदयपुरा पुलिस पहुंची। एम्बुलेंस से घायलो को सिविल अस्पताल उदयपुरा पहुंचाया गया।



# नेमावर टीआई राजाराम वास्कले को दी अंतिम विदाई, पुलिस ने दिया गार्ड आफ आनर, सीएम ने दी एक करोड़ सम्मान निधि





बड़वानी जिले के अंजड तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोयड़िया निवासी टीआई राजाराम वास्कले की नदी में डूबने से मौत के बाद गांव व पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। सोमवार को सुबह ग्राम कोयड़िया में टीआई राजाराम वास्कले की पार्थिव देह को रिमझिम वर्षा के बीच गांव के प्रमुख मार्गो से मुक्तिधाम लाया गया। शवयात्रा के दौरान गांव में राजाराम वास्कले अमर रहे के नारे गूंजे। नदी तट स्थित मुक्तिधाम पर देवास व बड़वानी जिले के आला पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में गार्ड आफ आनर दिया गया। इस दौरान राज्य सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर मंत्री प्रेमसिंह पटेल, पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि मूल रूप से ग्राम कोयड़िया के रहने वाले राजाराम वास्कले देवास जिले के नेमावर थाने पर पदस्थ थे। जिनकी रविवार को नदी में डूबने से मौत हो गई। दरअसल उन्हें ड्यूटी के दौरान जामनेर नदी पर बने स्टॉप डैम में एक लाश होने की सूचना मिली थी। उन्होंने पानी में कूदकर में उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। उसके बाद फिर उन्होंने नदी में उतर कर उस शव को निकालने का प्रयास किया।




### टीआई के परिवार को एक करोड़ रुपये की सम्मान निधि: चौहान

सीएम शिवराज ने कहा कि बहुत दुखद घटना हुई है। टीआई राजाराम वास्कले जी कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी थे। अपने कर्तव्यों की पूर्ति करते हुए उन्होंने अपना बलिदान दिया। मैं हमारे ऐसे बहादुर साथी के चरणों में श्रद्धा के सुमन अर्पित करता हूं। राजाराम जी के परिवार में उनकी पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। उनका ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है। इसलिए उनके परिवार को 1 करोड़ रुपए की सम्मान निधि भेंट की जाएगी।

# बड़े तालाब में आरती के साथ गुब्बारे छोड़कर सिंधी समाज के चालीहा महोत्सव का शुभारंभ



**संत हिरदाराम नगर।** सिंधी समाज के सबसे बड़े पर्व भगवान झूलेलाल चालीहा का शुभारंभ रविवार को उत्साह के माहौल के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़े तालाब के घाट शीतल दास की बगिया पर सिन्धु सेना ने भगवान झूलेलाल की आरती कर हवा में गुब्बारे छोड़े और विश्व कल्याण एवं अ%छी बरसात सहित देश में खुशहाली की प्रार्थना की इस अवसर पर सिन्धु सेना अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा सिंधी समाज चालीस दिन तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना करता है एवं इष्टदेव झूलेलाल जी के इस पर्व में जल की आराधना की जाती है। ऐसा माना जाता है कि इन दिनों भगवान झूलेलाल वरुणदेव का अवतरण करके अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर करते हैं। जल से सभी सुखों की प्राप्ति होती है और जल ही जीवन है।

इस अवसर पर अनिल थारवानी ने चालीहा का महत्व बताते हुए कहा कि एक समय में पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मिखर शाह नाम के शंहशाह ने तलवार के दम पर धर्म परिवर्तन शुरू किया। सिंध प्रांत के लोग वरूण देव के रूप में जल की पूजा-अर्चना करते थे। ने शहंशाह ने लोगों को अपने इष्टदेव के होने का प्रमाण देने को कहा। तब धर्मात्माओं ने प्रार्थना शुरू की औरआराधना के 40 वें दिन आकाशवाणी ने भगवान वरूण देव के अवतार के बारे में बताया।

## 40 दिनों तक उपवास रखकर देश की खुशहाली और सुख, समृद्धि की करेंगे कामना

वरुण अवतार भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना और बहिराणा साहब की पूजन के साथ ही सिंधी समाज का मुख्य पर्व चालीहा महोत्सव का रविवार को शुभारंभ किया गया। लगातार 40 दिनों तक उपवास रखकर देश की खुशहाली, सुख, समृद्धि की कामना की जाएगी। सुबह से ही भगवान झूलेलाल के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही, जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नंदवानी भवन में बहिराणा साहब की पूजन करने के बाद महोत्सव का विधि विधान से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वेंदात लाल सांई, विधायक रामेश्वर शर्मा, साबूमल रीझवानी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर भगवान झूलेलाल के भजन, लोकगीत, संगीत, नृत्य आरती और देश की खुशहाली व जन कल्याण हेतु सामूहिक प्रार्थना कर धार्मिक आयोजन किया गया। भगवान झूलेलाल के भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरकते हुए नजर आए। इस अवसर पर किरण वाधवानी के नेतृत्व में महिलाओं ने भी पूर्ण श्रद्धा के साथ पूज्य बहिराणा साहिब की पूजा कर, उपवास ग्रहण किया। इधर, विजय नगर लालघाटी क्षेत्र में सिंधी समाज उत्थान पंचायत के अध्यक्ष आनंद सबधानी ने जल एवं ज्योति की पूजा के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया। बैरागढ़ नेहरू पार्क स्थित झूलेलाल मंदिर में बहिराणा पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। यहां पर समाज के लोगों ने परंपरागत सिंधी अजरक-टोपी पहनकर वरुण अवतार का पूजन किया। मंदिर में सोमवार से प्रतिदिन शाम को भंडारा होगा।

## एच वार्ड झूलेलाल मंदिर में उत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ

एच वार्ड झूलेलाल मंदिर में उत्सव समिति के अध्यक्ष पुरषोत्तम हरचंदानी के नेतृत्व में महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ में वरुण देव भगवान झूलेलाल के बहिराणा साहिब की ज्योत प्रज्जवलित कर भजन, कीर्तन, छेज, डांडिया, नृत्य, सुखो सेसा का आयोजन रखा गया। इसके उपरांत भगवान झूलेलाल के बहिराणा साहिब की ज्योत, शीतलदास की बगिया, कमला पार्क पर देश की एकता, अखंडता, खुशहाली के लिए भगवान वरुण देव की पूजा अर्चना कर बहिराणा साहिब की ज्योति विसर्जित की गई। यह कार्यक्रम लगातार 40 दिन तक झूलेलाल मदिर एच वार्ड में चलता रहेगा।

## नशे की हालत में पुलिस के लिये सिरदर्द बन गया सुडानी नागरिक

**भोपाल।** ऐशबाग थाना इलाके में नशे की हालत में बाइक शो रुम में हगामा कर रहा सुडानी युवक पुलिस के लिये खासी परेशानी बन गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जब उसे अपने साथ ले जाने का प्रयास किया तब वो काबू में नहीं आ रहा था। बमुश्किल आधा दर्जन पुलिसकर्मियो ने उसे डायल-100 वाहन में बैठाकर में ले गई। जानकारी के अनुसार सूडानी नागरिक काफी नशे की हालत में बाइक कंपनी के शोरूम में जाकर नई बाइक पर बैठ गया। उसे देख कंपनी के कर्मचारियो ने बातचीत कर बाइक के बारे में जानकारी दी। इसके बाद युवक बाइक को स्टार्ट करने लगा। इस पर कंपनी कर्मचारियो ने उससे कहा कि पहले उसे दस्तावेज देने होंगे। लेकिन युवक बाइक से उतरने को तैयार नहीं हुआ। शोरूम में हंगामा होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सूडानी युवक को बाइक से उतरने को कहा लेकिन उसने पुलिस कर्मियों को धक्का देकर दूर करते हुए हुए बाइक से उतरने से मना कर दिया। इसके बाद थाने से और पुलिसकर्मियों को बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद उसे रस्सी से बांधकर डायल-100 में बैठाकर ले जाने लगी, उस समय भी वह हंगामा करता रहा। इस दौरान वहॉ काफी भीड़ जमा हो गई। मामले में ऐशबाग पुलिस का कहना है कि सूडानी नागरिक नशे की हालत में था। खबर लगने पर उसके साथी आ गए थे। युवक का मेडिकल कराया गया है, फिलहाल उसे हिरासत में नहीं लिया गया है।

## हुक्का और अवैध शराब पिलाने पर दो रेस्टोरेंट सील

**भोपाल ।** कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर जिले में शनिवार देर रात 6 जगहों पर जिला प्रशासन के नेतृत्व में अलग - अलग टीम ने छापा मारा और विभागों ने संयुक्त कार्रवाई की गई। अपर जिला मजिस्ट्रेट हरेन्द्र नारायण के नेतृत्व में राज्य अमले के साथ आबकारी एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध रूप से मदिरापान एवं हुक्का पिलाने वाले होटल, ढाबों के विरूद्ध संयुक्त रूप से छापा मारा गया। जिसमे से नेचुरल कॉटेज में अवैध रूप से हुक्का पिलाते हुए पाया गया और 8 हुक्के बरामद हुए है। जिस पर नेचुरल कॉटेज को सील कर दिया गया है इसके साथ ही फूड के सैंपल भीं लिए गए है। एक अन्य टीम ने कार्यवाही के दौरान आचमन ढाबा रायसेन रोड से मौके पर मदिरापान कराते हुये पाये जाने पर फूड सेम्पल लिया गया तथा संयुक्त टीम के द्वारा परिसर को सील बंद की कार्यवाही की गई। जांच के दौरान अनियमितता पाए गए दोनो रेस्टोरेंट के फूड लाइसेंस भी निरस्त करने के निर्देश दिए गए है।

## गुफा मंदिर में भगवान शिव का भव्य श्रृंगार



**भोपाल।** श्री रामानन्द आश्रम गुफा मंदिर में आज श्रावण मास के द्वितीय सोमवार, हरियाली अमावस्या एंव कर्क संक्रांति पर्व पर भगवान भोलेनाथ का प्रात: पंचामृत आदी से स्नान कराकर अभिषेक किया। पंडित लेखराज शर्मा ने बताया की इसके उपरांत भगवान का हरित श्रृंगार हरी पत्ते, विल्वपत्र, दूर्वा फूलों से भगवान शिव का भव्य श्रृंगार कर आरती हुई। तत्पश्चात भक्तो को भोलेनाथ के दर्शन के मंदिर के कपाट खुले जो आज दिन भर श्रद्धालुओं के लिए खुले रहेंगे।

# नरेला विधानसभा में भारी बारिश के बीच जारी रहा विकास पर्व

**चिकित्सा शिक्षा मंत्री नेकिया विकास कार्यों का भूमिपूजन**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




16 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक प्रदेश भर में विकास पर्व मनाया जा रहा है। नरेला विधानसभा में रविवार को भारी बारिश के बीच विकास पर्व जारी रहा। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने विकास पर्व के अंतर्गत नरेला विधानसभा के वार्ड 36, 76, 77, 78 एवं 75 में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मंत्री श्री सारंग ने रहवासियों को विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में देश-प्रदेश में विकास एवं कल्याण की राजनीति को स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा में रहवासियों की सुविधा हेतु अनेक विकास कार्य किये जा रहे हैं। वहीं विकास पर्व के दौरान क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने जनता को राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में भोपाल महापौर मालती राय, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित रहे।

**मध्यप्रदेश के चहुंमुखी विकास का पर्व है विकास पर्व:** मंत्री सारंग ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में प्रदेश बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकल कर आज देश में सबसे विकसित राज्य के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि विकास पर्व के माध्यम से जनता की मूलभूत सुविधाओं में वृद्धि करने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण एवं समीक्षा की जायेगी। उल्लेखनीय है कि विकास पर्व के दौरान जनसेवा यात्राओं , आम सभाओं का आयोजन और स्थानीय स्तर पर जनता के साथ संवाद के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**यह होंगे विकास कार्य:** विकास पर्व के अंतर्गत नरेला विधानसभा के वार्ड 36 सौरभ कॉलोनी चांदबड में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य, वार्ड 76 नवजीवन कॉलोनी में मेन रोड एवं नाली निर्माण कार्य, वार्ड 78 विश्वकर्मा नगर में पार्क निर्माण कार्य, वार्ड 77 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य, वार्ड 75 बृज कॉलोनी में सी सी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य सहित वार्ड 75 कमलेश नगर पलासी में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन मंत्री श्री सारंग ने किया।

**रहवासियों ने विकास कार्यों के लिये जताया आभार:** वकास पर्व कार्यक्रम में मंत्री श्री सारंग के आगमन पर भारी बारिश के बीच भी रहवासियों में बेहद उत्साह देखने को मिला। यहां रहवासियों ने क्षेत्र में हर घर नर्मदा जल पहुँचाने, नाले-नालियों के निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिये मंत्री सारंग को तिलक लगा कर और पुष्प-वर्षा कर आभार माना। मंत्री श्री सारंग ने सभी की ओर हाथ जोड़कर उनका अभिवादन स्वीकार किया।

## हुक्का और अवैध शराब पिलाने पर दो रेस्टोरेंट सील

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर जिले में शनिवार देर रात 6 जगहों पर जिला प्रशासन के नेतृत्व में अलग - अलग टीम ने छापा मारा और विभागों ने संयुक्त कार्रवाई की गई। अपर जिला मजिस्ट्रेट हरेन्द्र नारायण के नेतृत्व में राज्य अमले के साथ आबकारी एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध रूप से मदिरापान एवं हुक्का पिलाने वाले होटल, ढाबों के विरूद्ध संयुक्त रूप से छापा मारा गया। जिसमे से नेचुरल कॉटेज में अवैध रूप से हुक्का पिलाते हुए पाया गया और 8 हुक्के बरामद हुए है। जिस पर नेचुरल कॉटेज को सील कर दिया गया है इसके साथ ही फूड के सैंपल भीं लिए गए है। एक अन्य टीम ने कार्यवाही के दौरान आचमन ढाबा रायसेन रोड से मौके पर मदिरापान कराते हुये पाये जाने पर फूड सेम्पल लिया गया तथा संयुक्त टीम के द्वारा परिसर को सील बंद की कार्यवाही की गई। जांच के दौरान अनियमितता पाए गए दोनो रेस्टोरेंट के फूड लाइसेंस भी निरस्त करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही नगर निगम और अन्य विभागों की अनुमतियों को भी चेक करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही आबकारी के पुराने बने प्रकरणों के आधार पर बावड़िया कलां स्थित विन्टर रोज गार्डन, बैरागढ़ स्थित मोक्ष क्लब, केरवा रोड स्थित थ्री चेप्टर रेस्टोरेन्ट, एम.पी. नगर स्थित डी रंच रेस्टोरेन्ट एवं बैरागढ़ स्थित वाटर विले रेस्टोरेन्ट पर भी गठित अलग-अलग टीमों के द्वारा विधिवत जांच एवं तलाशी की कार्यवाही की गई।

## राय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का शुभारंभ



**भोपाल।** प्रभात चौराहा कैपिटल पैट्रोल पंप समीप स्थित राय हॉस्पिटल का शुभारंभ मंत्री विश्वास सारंग के द्वारा किया गया। राय हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर आर एस राय ने बताया कि सभी विशेषज्ञ सुविधाएं उपलब्ध है। पूर्व से भी वह क्षेत्र में लोगों की सेवा करते रहे हैं। इस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर पर विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा सेवाएं दी जाएंगी। राय हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी एंड रिसर्च सेंटर के युवा संचालक डॉक्टर जयेश राय ने बताया कि इस हॉस्पिटल पर लगभग 70 लोगों का प्रशिक्षित स्टाफ है उनकी कोशिश होगी कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं दे सकें।

## वीएस पब्लिक स्कूल में शिक्षा के साथ समग्र विकास



**भोपाल।** राजेंद्र नगर स्थित बी एस पब्लिक स्कूल सन 2002 से संचालित किया जा रहा है स्कूल की प्राचार्य सुनील खन्ना ने बताया कि बच्चों की शिक्षा के लिए राजेंद्र नगर जैसे पिछड़े क्षेत्र में हाई स्कूल स्थापित किया गया उनकी कोशिश रहेगी पैसों के अभाव में कोई बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे स्कूल में शिक्षा के साथ ही स्पोर्ट पर भी काफी ध्यान दिया जाता है संस्था के प रूफटॉप स्विमिंग पूल है यहां के बच्चे कराटे में इंटरनेशनल लेवल पर पार्टिसिपेट कर चुके हैं।

## मॉडर्न मोंटसरी हाई स्कूल दे रहा बेहतरीन शिक्षा



**भोपाल।** हिनोतिया चांदवड स्थित मॉडर्न मोंटसरी हाई स्कूल शिक्षा के लिए विशेष प्रयास कर रहा है मॉडल नर्सरी हाई स्कूल की प्राचार्या साधना पारीख ने बताया कि यहां पर नर्सरी से दसवीं कक्षा तक स्कूल संचालित किया जाता है संस्था के पास स्वयं का एक अच्छा भवन प्लेग्राउंड उपलब्ध है साधना पारीख ने बताया कि यहां पर सभी टीचर्स बहुत अच्छे प्रशिक्षित हैं शहर के पिछड़े क्षेत्रों में आने वाले हिनोतिया चांदवड में गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए भी विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाती है जिससे कोई बच्चा पैसों के अभाव में शिक्षा से वंचित ना रहे।

## आइडियल हायर सेकेंडरी स्कूल की विशेष उपलब्धि 37 छात्रों को मिले लैपटॉप



**भोपाल।** 1972 से संचालित आइडियल हायर सेकेंडरी स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाना जाता है वर्तमान में आइडियल हाई सेकेंडरी पब्लिक स्कूल पंजाबी बाग से संचालित है स्कूल की प्राचार्या सीलू फिलिप ने बताया कि इस वर्ष मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना में 37 बच्चों को लैपटॉप प्राप्त हुए पिछले वर्ष 44 छात्रों को मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना से लैपटॉप मिलेगी 10वीं 12वीं परीक्षा का परिणाम 90त्न से अधिक रहा विशेष उपलब्धि है कि ज्यादातर छात्रों ने प्रथम श्रेणी हासिल की सीलू फिलिप ने बताया कि शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों पर भी बहुत ध्यान दिया जाता है जिससे बच्चों का समग्र विकास हो सके

## नए चेहरों को अपनी कला दिखाने का मौका देता है चनाजोर

मुंबई। अभी हाल ही में एक नया ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉन्च हुआ है चनाजोर जो एक बेजोड़ कॉमेडी एक्सपीरियंस प्रदान कर रहा है। चनाजोर के सभी शोज में आपको नए चेहरे ही देखने को मिलेंगे। ये फ्रेश कलाकार हैं जो अभी तक किसी बड़े पर्दे पर या डिजिटल स्क्रीन पर नहीं गए हैं या ज्यादा फेमस नहीं हुए हैं, पर एक्टिंग की इनके अंदर कोई कमी नहीं है और ये किसी को भी अपने निराले अंदाज़ से गुदगुदाने का पूरा दम रखते हैं। चनाजोर पर एक शो है भूतिया और इसके कलाकार हैं प्रतीक शुक्ला, देव जोशी और कृपा मिश्रा। ये तीनों ही गुजराती थिएटर आर्टिस्ट्स हैं पर इस शो के संवाद और एक्टिंग ऐसी है। कि आप हँसते हँसते लोटपोट हो जाएंगे। ठीक इसी प्रकार से नहीं आज नहीं में संजीत धूरी, निहारिका शर्मा और भावेश प्रजापति ने काफी अच्छा काम किया है। हम निकम्मा बनाते है वेब सीरीज जो कि कानपुर के काकादेव में शूट हुई है । इस सीरीज में टेलीविजन के उभरते हुए कलाकार हरवीर सिंह, आशुतोष सेमवाल, अलीशा प्रवीण, रूचि त्रिपाठी, राकेश श्रीवास्तव, संजय चौधरी और प्रतीक सिंह ने काफी अच्छा काम किया है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी मसाले पाउडर के 12 नमूने लिए

**भोपाल ।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार ईट राइट चैलेंज-3 के अन्तर्गत द्वारा 4 सर्विलेंस तथा 1 रेग्यूलेटरी नमूना ड्राइव पूर्ण किये गये हैं । विगत तीन दिवस में पूर्ण हुये चार ड्राइव में कुल 48 नमूने एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा रेग्यूलेटरी नमूना संग्रहण के लिए अभिहित अधिकारी देवेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा चुने गये मसाले एवं प्रोटीन उत्पाद फूड केटेगिरी के 12 नमूने एकत्र किये।

# सेवा भारती मध्य भारत का विधि समाधान प्रकल्प प्रारंभ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




सेवा भारती मध्यभारत प्रांत द्वारा प्रांत कार्यालय मातृछाया मैदामिल रोड में सामाजिक दृष्टिकोण से नये प्रकल्प सेवा भारती वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र की प्रांत समिति तथा महानगर संचालन मंडल की विधिवत घोषणा सेवा भारती मध्यभारत प्रांत सचिव विमल कुमार त्यागी ने की वैकल्पिक विवाद समाधान की प्रांत समिति में तीन सेवा निवृत्त न्यायाधीश माननीय श्री शिवमंगल सिंह अध्यक्ष, माननीय श्री राजेंद्र कुमार नागपूरे तथा माननीय श्री विनोद कुमार दुबे उपाध्यक्ष प्रांत सचिव श्रीमती रचना पुरोहित, संचालन मंडल में सेवा निवृत्त न्यायाधीश माननीय विनोद कुमार दुबे, ज्योत्स्ना सक्सेना,ज्योती कुलकर्णी, वंदना शर्मा, रीना वार्ष्णेय, डॉ. धनीराम पवार, सुनील पटेल , श्रीमती अजीत कौर अलग, शामिल हैं सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने बताया सेवा भारती वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र के क्रमश: भोपाल शहर में शीघ्र मंडल स्तरीय सात (7) केंद्र प्रारंभ किया जायेंगे। इस प्रकल्प का कार्यालय आनंदधाम परिसर में रहेगा इसका उद्देश्य मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं विवाद परामर्श तथा मध्यस्थता है। केंद्र में अधिवक्ताओं का पैनल है। प्री लीटीगेशन को महत्व देते हुए लोक अदालत में एवं न्यायालय को सहयोग करना। सेवा भारती वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र समाज के सभी वर्गों ओपन फॉर ऑल है इस अवसर पर महानगर संचालन मंडल समिति व मंडल सदस्यों समस्त पूर्णकालिक एवं महानगर महिला मंडल संयोजिका श्रीमती आभा पाण्डे महानगर महिला मंडल सह संयोजिका श्रीमती ललीता पारनाइक, महानगर संयोजक करण सिंह उपस्थित आदि उपस्थित र

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने नागलवाड़ी एवं पाटी उद्वहन सिंचाई परियोजना का किया लोकार्पण

## विकास पर्व के शुभारंभ पर निमाड़ के किसानों को दी सौगात




**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में विकास पर्व का शुभारंभ करते हुए निमाड़ के दो जिलों की जनता को 1328 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से बनी नागलवाड़ी और पाटी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाएँ समर्पित कीं। मुख्यमंत्री चौहान ने विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2018 में स्थानीय जन-प्रतिनिधियों द्वारा की गई मांग आज पूरी हो गई है। प्रदेश सरकार ने असंभव क्षेत्रों में जल पहुँचाने के संकल्प को साकार कर दिया है। पहाड़ी क्षेत्रों में नहर से पानी पहुँचाना संभव नहीं था, तो हमने पानी को उद्वहन करके खेतों तक पहुँचाया। किसानों की जिंदगी में खुशहाली लाने के लिए ऐसे प्रयास लगातार जारी रहेंगे और यही मेरा संकल्प भी है। मुख्यमंत्री चौहान ने निमाड़ की जनता को एक और सौगात देते हुए नागलवाड़ी में लोकदेवता भीलट देव का लोक बनाने की घोषणा की। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि जल्द ही इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए विशेषज्ञों के दल की विजिट करायी जाए। कार्यक्रम में पशुपालन मंत्री प्रेम सिंह पटेल, प्रभारी मंत्री हरदीप सिंह डंग, राज्यसभा सांसद सुमेरसिंह सोलंकी, पूर्व श्रम मंत्री अंतर सिंह आर्य, पूर्व कृषि राज्य मंत्री बालकृष्ण पाटीदार, पूर्व सांसद सुभाष पटेल और कृष्णमुरारी मोघे सहित बड़वानी-खरगोन जिले के जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**गरीब बच्चों के लिए लायब्रेरी, लेब और स्मार्ट क्लास युक्त हुए सीएम राइज स्कूल:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि गरीब वर्ग के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए सीएम राइज स्कूल की संकल्पना प्रारम्भ की गई हैं। इन स्कूलों में लायब्रेरी, उत्कृष्ट लेब, आने-जाने के लिए स्कूल बस और स्मार्ट क्लास बनाई गई है। स्मार्ट क्लास भी ऐसी की अगर जरूरत हुई तो दिल्ली और बॉम्बे जैसे शहरों के शिक्षक से भी जुड़ सकते हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने में सरकार पीछे नहीं है। इस वर्ष 12वीं कक्षा में जिन विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं, उन्हें 20 जुलाई को लेपटॉप के लिए 25 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। स्कूल टॉपर विद्यार्थियों को स्कूटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने रोजगार को लेकर कहा कि एक लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा 50 हजार और पदों की भर्ती की जाएगी। साथ ही युवाओं को स्व-रोजगार के माध्यम से लाभान्वित करने का कार्य भी लगातार किया जा रहा है।

**प्रदेश में 47 लाख हुई लाड़ली लक्ष्मी:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर बेटियों को बोझ नहीं बनने दिया जाएगा। प्रदेश में अब तक 47 लाख लाड़ली लक्ष्मी हो गई हैं, जिन्हें कॉलेज में आते-आते 12 हजार 500 रुपये मिलने लगेंगे। बेटियों को राजनीति में भी बराबर का भागीदार बनाया गया है। आधी सीटों पर बेटियों को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया, तो आज हमारी कई बहनें महापौर तो कई जिला पंचायत अध्यक्ष और जनपद अध्यक्ष बन गई हैं। इसके अलावा अगर कोई जमीन, मकान या दुकान बहनों के नाम पर ख़रीदता है तो उस पर 1 प्रतिशत स्टॉम्प शुल्क लगेगा। वहीं पुलिस में भी 30 प्रतिशत भर्ती बहनों की होगी।

मुख्यमंत्री चौहान ने सांसद गजेंद्र सिंह पटेल द्वारा की गई नवग्रह और महाकाल लोक की तर्ज पर भीलट देव लोक बनाने की मांग को भी पूरा करने के लिए भीलट देव को प्रणाम करते हुए भीलट देव लोक बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री चौहान द्वारा लोकार्पित दो परियोजनाओं से खरगोन और बड़वानी जिले के 147 ग्रामों के 49 हजार 423 किसानों को 52 हजार 940 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लाभ मिलेगा। नागलवाड़ी और पाटी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाएँ 1 हजार 328 करोड़ 75 लाख रूपये की लागत से बनकर तैयार हुई हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने नागलवाड़ी में विकास पर्व कार्यक्रम में नागलवाड़ी के बजरंग गोयल को कृषि विभाग की रिपरकम बाइंडर यंत्र में 2 लाख 92 हजार रूपये, पॉवर विंडर यंत्र के लिए कमल किशोर कुशवाह को 1 लाख 9 हजार रूपये, रिवर्सिबल प्लाउ यंत्र के लिए शोभाराम को 98 हजार 800 रूपये का हितलाभ प्रदान किया।



**भोपाल। केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, चुनाव सह प्रभारीअश्विनी वैष्णव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में पार्टी द्वारा प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में निकाली जा रही संत रविदास रथयात्रा को लेकर कंट्रोल रूम का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्रीभगवानदास सबनानी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।**

# वृद्ध पर भालू ने किया हमला, दोनों आंखें निकाल ली, पेट खा गया

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

राजधानी भोपाल के नजदीक स्थित रातीबढ़ थाना इलाके के ग्राम केकरिया में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहॉ भालू ने खेत में काम कर रहे बुजुर्ग पर हमला कर उसकी जान ले ली। भालू ने वृद्ध की दोनों आंखें निकाल ली और उसका पेट खा गया। जानकारी के अनुसार रातीबड़ के गाम केकरिया में रहने वाले छगनलाल रविवार सुबह खेत में काम करने गए थे। उसी समय भालू ने उन पर हमला कर दिया और उनकी आंखें और पेट तक खा गया। छगनलान की मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया गया है कि बाद में भालू शव को खींच कर जंगल में ले जा रहा था। तभी गांव वालों की नजर पड़ गई और उन्होने लाठी-डंडे से उसे खदेड़ना शुरु किया। इसके बाद भालू छगनलाल के शव को छोड़कर भाग गया। ग्रामीणो का कहना है कि हिंसक जानवर शिकार की तलाश में आ जाते हैं, और कई बार मवेशियों पर हमला कर चुके हैं। लेकिन भालू के इंसान पर हमला करने की यह पहली घटना सामने आई है। घटना से इलाके के ग्रामीण दहशत में है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रमाणों के आधार पर किसी निर्णय पर पहुंचना ही न्याय है : योग गुरु महेश अग्रवाल



आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि न्यायशास्त्र के अध्ययन से पदार्थों का तत्वज्ञान होता है और उससे आत्मतत्व का साक्षात्कार होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। जिन पदार्थों के तत्त्वज्ञान से मोक्ष होता है उनकी संख्या इस शास्त्र में सोलह मानी गई है सही न्याय के लिए जरुरी है उनके नाम ये हैं प्रमाण, प्रमेय, संशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क,निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल, जाति और निग्रहस्थान। योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय के काम को समर्थन और मान्यता देने के लिए 17 जुलाई को विश्व स्तर पर न्याय दिवस मनाया जाता है। आज पुरे संसार में किसी भी विवादित बात का सही न्याय हो इसके लिए सभी को शारीरिक, मानसिक भावनात्मक स्वास्थ्य की जरुरत है उसके लिए योग प्राणायाम एवं ध्यान ही एक मात्र उपाय है।

# चंद्रयान 3 के सफल प्रक्षेपण में आईएल का इसरो के साथ जुड़ना गर्व की बात: डॉ. लता

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो की पूरी टीम को बधाई देते हुए भारी उद्योग मंत्रालय के तहत कार्यरत भारत सरकार की आत्मनिर्भर इकाई इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड की स्वतंत्र निदेशक डॉ आरएच लता ने कहा कि मिशन चंद्रयान-3 के लिए आईएल कम्पनी द्वारा इसरो-आईपीआरसी को महत्वपूर्ण वाल्वों की आपूर्ति करके इसरो के साथ जुड़ने पर हमें गर्व है। डॉ लता ने कहा कि चंद्रयान-3 के अपने असाधारण चंद्र मिशन पर निकलते ही भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। डॉ लता ने बताया कि इसरो की तरफ से चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के लिए इस्तेमाल होने वाले वॉल्वो को समय पर तैयार करने की जिम्मेदारी हमारी कम्पनी आईएल को दी गई थी। डॉ लता ने बताया कि इसरो की तरफ से समय पर वाल्व तैयार करने की बात कही गई थी जिसे समय पर पूरा करने के लिए आईएल की पूरी टीम भी दिन-रात लगी रही। सभी कर्मचारियों की मेहनत और अफसरों की देखरेख में यह चैलेंज सम्भव हो पाया

आईएल की स्वतंत्र निदेशक डॉ लता ने कहा कि यह इसरो के साथ-साथ हर एक भारतीय की तहे दिल से तमन्ना थी कि भारत चाँद को अपने कदमों में ले आए और चांद पर तिरंगा लहरते हुए देखे। भारत के चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर डॉ लता ने कहा, इस मिशन के लिए देश की जनता ने जो नैतिक समर्थन दिया और जो उत्साह दिखाया उसकी जितनी तारीफ की जाए वह कम है। हमें आशा है कि हमारे आगे एक बहुत ही सफल मिशन होगा। डॉ लता ने कहा कि मिशन की सफलता से कई स्टार्टअप आएंगे, और यहां तक ??कि हमारे पास जो स्टार्टअप हैं, उनके पास बेहतर फंडिंग होगी। कई दूसरे देश भी अपने स्टार्टअप के साथ यहां आ सकते हैं या किसी मौजूदा स्टार्टअप में शामिल हो सकते हैं।

# पर्यावरण को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं : अभिलाष खांडेकर



**भोपाल।** रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल, मंधार नो मोर फाउंडेशन ओर नेचर वॉलेंटियर के संयुक्त सहयोग से पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी पर्यावरण सभागृह में आयोजित कि गई जिसमे पर्यावरण विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। मुख्य वक्ता अभिलाष खांडेकर ने कहा कि प्रकृति के हर जीवजंतु का पर्यावरण के लिए संरक्षण जरूरी है चाहे सर्फ हो या मधुमक्खी। पानी की बचत आज के संदर्भ तो बहुत जरूरी है जिसके लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का अंग बनाए आज देश की 30 प्रतिशत जनता ही पर्यावरण के लिए चिंतित है जो की चिंता का विषय है। रोटरी अध्यक्ष संजय दुबे ने कहा कि देश मैं 260 लाख टन से अधिक अनाज चूहों के कारण नष्ट हो जाता है इसलिए सांपो का सरक्षण जरूरी है ओ पी सोहनी ने एलसीडी प्रस्तुति द्वारा सर्फ सरंक्षण की आवश्यकता को दर्शाया। इस अवसर पर मंदर नो मोर फाउंडेशन के प्रमुख विश्वास घुषे ने पर्यावरण संरक्षण के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल पटेल ने किया तथा आभार प्रदर्शन रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल के मानद सचिन प्रखर तिवारी ने किया।

# एम्स के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने नर्सिंग स्टाफ के साथ की बातचीत



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

एम्स के सम्मानित अध्यक्ष डॉ. सुनील मलिक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह और नर्सिंग स्टाफ के बीच एक महत्वपूर्ण संवाद आज संपन्न हुआ। डीन डॉ. अमित अग्रवाल और एसोसिएट डीन नर्सिंग एवं पैरामेडिक डॉ. सैकत दास ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सशांक पुरवार ने संगठन की सफलता में नर्सिंग स्टाफ के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। बातचीत के दौरान, नर्सिंग स्टाफ ने प्रबंधन की समझ और उनकी चिंताओं के त्वरित समाधान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने एम्स, भोपाल के प्रबंधन के दृष्टिकोण की भी सराहना की, जो एक सहायक और समावेशी कार्य वातावरण को बढ़ावा देता है। प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने नर्सिंग स्टाफ के प्रति हार्दिक सराहना व्यक्त की। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया क्योंकि वे डॉक्टरों और मरीजों के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं। अपने संबोधन में प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने नर्सिंग स्टाफ से मरीजों के साथ प्रभावी संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। नर्सिंग स्टाफ किसी भी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की रीढ़ है। उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि एम्स, भोपाल उनके सामने आने वाली किसी भी कठिनाई का समाधान करेगा और निरंतर कौशल वृद्धि के महत्व पर जोर दिया। प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने कहा हमारे मरीजों को असाधारण देखभाल प्रदान करने में उनका अटूट समर्पण, प्रतिबद्धता और बहुआयामी सोच महत्वपूर्ण है। हम उनके योगदान के लिए आभारी हैं और उनके विकास और कल्याण का समर्थन करना जारी रखेंगे।

# आदिवासी वर्ग के लिए जारी मद का प्रदेश सरकार में दुरूपयोग किया गया: पुनीत टंडन



**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय ने वर्ष 2019-20 में मध्यप्रदेश के पंचायती राज निर्वाचित प्रतिनिधियों में क्षमता संवर्धन संबंधी प्रशिक्षण करवाने के लिए रूपए 8 करोड़ 42 लाख दिए थे। इस राशि के उपयोग में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। भ्रष्टाचार की शिकायतें आदिम जाति कल्याण और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में हुई हैं, लेकिन मामले को दबाया जा रहा है।

इस संबंध में आज प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा, जेपी धनोपिया एवं आरटीआई प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पुनीत टंडन ने संयुक्त पत्रकारवार्ता ली। टंडन ने बताया कि उक्त राशि आदिवासी वर्ग पर उपयोग के लिए आरक्षित थी, इसलिए इस राशि का उपयोग सिर्फ आदिवासी वर्ग पर ही होना चाहिए था। कार्यक्रम के तहत प्रदेश के तीन जिलों (सिवनी, बड़वानी और धार) में कराए गए प्रशिक्षण में भारी भ्रष्टाचार हुआ। लीपापोती और सरकारी धन की लूट के लिए हुए दिखावटी प्रशिक्षण में सामान्य एवं अनारक्षित, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को प्रशिक्षण देना दिखाया गया।

इंदौर संभाग के आदिवासी विभाग के उपायुक्त द्वारा कराई गई जांच में यह सामने आया है कि पंचायत स्तर पर कराए गए इस प्रशिक्षण में दर्जनों ग्राम पंचायत के कर्मचारियों को ही यह जानकारी नहीं है कि प्रशिक्षण कब हुआ।

प्रशिक्षण पर खर्च में मनमानी की गई। समान रूप से पैसा खर्च नहीं किया गया। किसी पंचायत में प्रशिक्षण सामग्री नहीं दी, किसी में भोजन नहीं दिया। लेकिन पैसा पूरा खर्च कर दिया। और मजे की बात यह है कि राशि वास्तविक रूप से खर्च होने के पहले ही जुलाई 2021 में भारत सरकार को राशि के पूर्ण उपयोग का फर्जी यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट भेज दिया।

श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने अपनी टीप जावक क्रमांक-2755 / मंत्री/प.ग्रा. वि.वि./ 2021, दिनांक 17/03/2021 ने संचालक, महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज संस्थान, जबलपुर के प्रस्ताव पर आदिवासी विशेष केन्द्रीय सहायता राशि रूपए 842.78 लाख के उपयोग और प्रशिक्षण संबंधी प्रशासकीय अनुमोदन दिया, जो अवैधानिक है।

# सपाक्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष कल जबलपुर का करेंगे दौरा

**भोपाल ।** सपाक्स पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हीरालाल त्रिवेदी (सेवानिवृत्त आईएएस एवं पूर्व सूचना आयुक्त) 18 जुलाई मंगलवार को प्रातः जबलपुर पहुंच रहे हैं. उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष सुरेश शुक्ला एवं अन्य पदाधिकारी भी जबलपुर मे मौजूद रहेगे। पार्टी के डॉ शैलेंद्र व्यास प्रमुख मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बतया कि विधानसभा चुनाव की तैयारियो के परिपेक्ष में जबलपुर संभाग के पदाधिकारियों की विशेष बैठक में भाग लेंगे। मौजूद पदाधिकारीगणो से चुनाव प्रबंधन की चर्चा के साथ मीडिया से चर्चा भी करेंगे ।

# विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर एम्स में हुई माइक्रो सर्जरी पर कार्यशाला

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग एम्स ने विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस और विभाग के स्थापना दिवस के अवसर पर 15 जुलाई को माइक्रोसर्जरी पर एक सीएमई और कपलर एनास्टोमोसिस पर हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन किया। एम्स भोपाल के अध्यक्ष डॉ. सुनील मलिक ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और विभाग को अब तक हुई उत्कृष्ट प्रगति के लिए बधाई दी। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर अजय सिंह इस कार्यक्रम में शामिल हुए और विभाग के संबंध में अपनी अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने रोगी देखभाल, शिक्षण/प्रशिक्षण और अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्किन बैंक की स्थापना और फ़ेलोशिप कार्यक्रम शुरू करने की पेशकश की। प्रोफेसर (डॉ) राजेश मलिक, डीन अकादमिक, डॉ अजीत कुमार, उप निदेशक (प्रशासन) और प्रोफेसर (डॉ) शशांक पुरवार, कार्यवाहक चिकित्सा अधीक्षक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए तथा बर्न और प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रयासों की सराहना की । इस कार्यक्रम को आयोजन अध्यक्ष के रूप में डॉ. मनाल एम खान, आयोजन सचिव डॉ. दीपक कृष्णा, संकाय सदस्य डॉ. गौरव चतुर्वेदी, डॉ. वेद प्रकाश राव, डॉ. राहुल दुबेपुरिया, डॉ. अभिनव सिंह और रेजिडेंट डॉक्टर, डॉ. विकास, डॉ. माधुरी, डॉ. प्राग्ना और डॉ.राधिका ने मिलकर आयोजित किया । कार्यक्रम के पहले भाग में दिल्ली से डॉ. राज मानस, डॉ. विनय वर्मा और भोपाल के डॉ. आरके मेहता, डॉ. अरुण भटनागर, डॉ. हरि सिंह बिसोनिया के अतिथि वक्ताओं के साथ माइक्रोसर्जिकल प्रक्रियाओं के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए अकादमिक चर्चाएं आयोजित हुई । कार्यक्रम के दूसरे भाग में वीनस कपलर एनास्टोमोसिस पर लाइव प्रदर्शन किया गया । इस कार्यक्रम में लगभग 50 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विभागाध्यक्ष डॉ. मनाल एम खान ने विभाग का अवलोकन एवं प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की । उन्होंने बताया कि कार्यपालक निदेशक प्रो डॉ अजय सिंह के नेतृत्व में पिछले एक वर्ष के दौरान विभाग का बहुत तेजी से विकास हुआ है ।

# वंदे भारत की दुर्घटनाएं

अभी तक तो वंदे भारत मवेशियों से टकराकर क्षतिग्रस्त होती रही है, आज उसके एक कोच में आग ही लग गई। हालांकि आग से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रेन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान अवश्य लगे हैं। यह मध्यप्रदेश की पहली वंदे भारत ट्रेन है, जिसे प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाई थी और पहले ही दिन यह एक मवेशी से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई थी। गुजरात, मुम्बई आदि स्थानों पर भी वंदे भारत ट्रेनें लगातार दुर्घटनाग्रस्त हो की खबरें आ रही हैं।

आज की घटना की बात करें तो भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से निजामुद्दीन जा रही वंदे भारत ट्रेन के सी-14 कोच में सोमवार सुबह आग लग गई। आग कोच के नीचे लगे बैटरी बॉक्स में लगी थी। बीना रेलवे स्टेशन से पहले ट्रेन को रोका गया। कल्हार रेलवे स्टेशन से गुजरते समय ट्रेन से धुआं उठता देखा गया। गार्ड के कहने पर लोको पायलट ने बीना रेलवे स्टेशन से पहले कुरवाई केथोरा में ट्रेन खड़ी कर दी। इस समय सुबह के 7.10 बज रहे थे। फायर ब्रिगेड को पहले ही सूचना दे दी गई थी। सभी पैसेंजर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया। फायर ब्रिगेड और रेलवे की टीम 58 मिनट में आग पर काबू पा सकी। सवा तीन घंटे की देरी से ट्रेन रवाना हुई। इस ट्रेन के साथ तो पहले ही दिन दुर्घटना हो गई थी। इधर प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाई और रास्ते में एक मवेशी से टकराकर इंजिन का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

गुजरात से आई खबरें बताती हैं कि शुरुआत के पहले ही छह महीने के दौरान वंदे भारत मुंबई से गांधीनगर के बीच यह ट्रेन शुरू होने के एक माह में तीन बार ऐसे हादसे हो चुके थे। गनीमत है कि टक्कर में इसके इंजन की नाक ही क्षतिग्रस्त हुई और कोई जनहानि नहीं हुई। टूटी नाक की सर्जरी पर हजारों रुपये खर्च होते हैं। आणंद में हुए एक हादसे में रेलवे ट्रैक पार कर रही एक महिला की वंदे भारत ट्रेन से टकराकर मौत हो गई थी।

संदर्भ बताता है कि भारतीय रेलवे नेटवर्क के रूप में विश्व की चौथे नंबर की और यात्रियों की दृष्टि से दूसरे नंबर पर है। इस मामले में चीन सबसे आगे है। भारतीय रेलवे के अनुसार देश में ट्रेनों के मवेशियों से टकराने की रोज 22 घटनाएं होती हैं। इस साल अब तक 4,433 ट्रेनें मवेशियों से प्रभावित हुई हैं। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि आग की घटना की जांच की जा रही है, लेकिन इंजिन की नाक से मवेशियों के टकराने का मामला अलग है। इसमें तत्काल रिपेयरिंग हो जाती है और खर्च भी कम आता है। लेकिन सवाल तो यही उठता है कि पुरानी रेलगाड़ियों के इंजिन मजबूत होते थे। नई ट्रेन के इंजिन जल्द रिपेयर अवश्य हो जाते हैं, लेकिन ट्रेन में बैठे यात्रियों का समय तो बर्बाद होता ही है।

वंदे भारत में अधिकांश वही लोग यात्रा करते हैं, जिन्हें समय का प्रबंधन करना होता है, क्योंकि इसका किराया बाकी रेलगाड़ियों के मुकाबले बहुत अधिक है। सामान्य व्यक्ति तो इसमें यात्रा करने की हिम्मत ही नहीं जुटा पाता। ऐसे में वीआईपी के लिए बनी वंदे भारत उन वीआईपी का ही समय बर्बाद कर देती है। हो सकता है, बार-बार की दुर्घटनाओं के चलते कई लोग इसमें यात्रा करना ही बंद कर दें। वैसे भी भोपाल से इंदौर और जबलपुर के लिए चलाई गई वंदे भारत रेलगाड़ियों में यात्री ही नहीं जुट पा रहे हैं। किराया बहुत अधिक होने के कारण दूसरे विकल्प से यात्रा कर रहे हैं। चूंकि पीएम मोदी से इनका शुभारंभ करवाया गया है, इसलिए अब इनकी यात्रा और लंबी की जा रही है, ताकि घाटा पूरा किया जा सके। लेकिन यह फिलहाल तो संभव दिखाई नहीं दे रहा है। रेलवे को इनका किराया कम करना ही होगा। साथ ही यदि दुर्घटनाओं में कमी नहीं की गई, तो जो वीआईपी इनमें यात्रा कर रहे हैं, उनकी संख्या भी कम होती जाएगी।

Vallabh Bhawan Corridors 2 Central Vista

# तो मप्र के हर एडिशनल कलेक्टर पर हो सकती है एफआईआर ?

**सुरेश तिवारी**

पिछले दिनों लोकायुक्त पुलिस ने 2007 से 2012 के बीच जबलपुर में पदस्थ तत्कालीन तीन एडिशनल कलेक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज



की। आरोप यह था कि इन तीनों ने अपने कार्यकाल के दौरान आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को बेचने की इजाजत दी। और यह कि यह पावर केवल कलेक्टर में ही निहित थे तो इन एडिशनल कलेक्टर ने जो अनुमति दी है वह प्रावधानों के विरुद्ध मानी जा रही है और इसी आधार पर यह एफआईआर की गई है।

प्रशासनिक गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा है कि आखिर इन तत्कालीन तीनों एडिशनल कलेक्टर ने ऐसा क्या गुनाह किया कि उनके खिलाफ यह एफ आई आर दर्ज हो गई। दरअसल उन्होंने कलेक्टर द्वारा डेलीगेट पावर का उपयोग कर यह कार्यवाही एक न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत की थी।

देखा जाए तो जिस आधार पर इन 3 अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, शायद यह एफआईआर प्रदेश के समय समय पर रहे सभी एडिशनल कलेक्टर फिर वह चाहे प्रमोटी हो या डायरेक्ट आईएएस,की जा सकती है, क्योंकि, उन सभी ने भी तो कलेक्टर द्वारा डेलीगेट पावर्स का उपयोग ही किया।

यदि इन तीन अधिकारियों के कार्यकाल में जबलपुर में यह हुआ है, तो यह उसके बाद भी और पहले भी इसी प्रक्रिया के तहत होता रहा है। हालांकि बताया गया है कि राज्य सरकार ने बाद के वर्षों में यह स्पष्ट किया है कि ये पॉवर्स केवल कलेक्टर के पास ही है और इसे डेलीगेट नहीं किया जाना चाहिए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन्हीं आधारों पर अब ये अधिकारी उनके खिलाफ की गई स्न्ढ्ढक्रको क्वाश कराने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाले हैं।

### नरेंद्र तोमर के राजनीतिक चातुर्य की परीक्षा

विधानसभा चुनाव में भाजपा की मुख्य कमान सर्वेसर्वा नरेंद्र तोमर के हाथ में आ गई है। इससे यह बात तो स्पष्ट हो गई कि दो चुनाव प्रभारियों भूपेंद्र यादव और अश्विनी वैष्णव के अलावा प्रदेश में भाजपा के जो भी बड़े चुनावी फैसले होंगे, उसकी लगाम नरेंद्र तोमर के हाथ में रहेगी।



फिलहाल मध्यप्रदेश में ऐसा कोई भाजपा नेता नजर नहीं आता जो नरेंद्र तोमर किसी फैसले पर उंगली उठाए या उनके काम में अड़चन डाले, सिवाय ज्योतिरादित्य सिंधिया के! इसलिए कि ये दोनों नेता एक ही इलाके चंबल-ग्वालियर के नेता है और निश्चित रूप से वहां के चुनावी फैसलों में सिंधिया से उनको समन्वय बैठाना पड़ेगा। ये उनके लिए मुश्किल नहीं तो आसान भी नहीं है। ऐसे में नरेंद्र तोमर कैसे रास्ता निकालते हैं, यह उनका राजनीतिक चातुर्य माना जाएगा।

### भाजपा की गलतियों से राजनीति करती कांग्रेस!

विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, पार्टियों की रणनीति



भी समझ में आने लगी। लेकिन, कांग्रेस की अपनी मुश्किलें है कि वो अपनी तरफ से कोई इनीशिएटिव नहीं लेती। वो भाजपा की गलतियों में अपने फायदे ज्यादा ढूंढती है।

जब भी कोई ऐसी घटना घटी जिसमें भाजपा को घेरा जा सकता है, सारे नेता झंडे-बैनर लेकर सड़क पर आ जाते हैं। फिर, वो सीधी की घटना हो या पटवारी सिलेक्शन वाला मामला। याद भी किया जाए तो याद नहीं आता कि कांग्रेस ने अपनी तरफ से कोई आंदोलन खड़ा किया हो जिससे भाजपा परेशानी में आई हो!

### कांवड़ियों के साथ आईपीएस चलेंगे 80 किमी!

इस बात पर कोई सहजता से भरोसा न करे, पर यह सच है कि छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के एसपी सुनील शर्मा भी कावड़ियों के साथ कैलाश गुफा तक की 80 किमी की यात्रा कर रहे हैं। ये शायद पहली बार हुआ कि कोई आईपीएस कावड़ियों के साथ चल रहा हो। वे कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए खुद सामने आए हैं। इसके पीछे उनकी मंशा श्रद्धालुओं को सुरक्षा देना हो, लेकिन वे पूरे लवाजमे के साथ इतनी लंबी पैदल यात्रा आसान नहीं है।



अंबिकापुर के शंकर घाट स्थित बांक नदी से कांवड़ियों का हुजूम जल पात्र लेकर कैलाश गुफा के लिए रवाना हुआ। तीन दिन में 80 किमी चलकर कैलाश गुफा तक पहुंचकर जल चढ़ाना है। सुनील शर्मा के मुताबिक वे कांवड़ियों के साथ उनकी सुरक्षा के लिए कैलाश गुफा तक जा रहे हैं। उन्होंने असामाजिक तत्वों को चेतावनी दी है कि यात्रा में कोई गड़बड़ी की, तो खैर नहीं!

### राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारियों का अनोखा संगठन!

इंदौर संभाग में अपनी प्रशासनिक सेवाएँ दे चुके राजस्व अधिकारियों ने अपने साथियों के सुख दुख बांटने के लिए एक संगठन बनाया है। इसका नाम है 'इंदौर चैप्टर आफ एडमिनिस्ट्रेशन' इस संगठन में डेढ़ सौ से ज्यादा अधिकारी हैं, जो हर 2 महीने में मिलते हैं।

राजस्व विभाग मध्यप्रदेश शासन

इस संगठन के मेम्बर्स में इंदौर संभाग में कभी ना कभी पदस्थ रहे नायब तहसीलदार से लगाकर डिप्टी कलेक्टर और कलेक्टर से लगाकर कमिश्नर तक की रैंक के अधिकारी हैं। संगठन में रिटायर अधिकारियों के अलावा इंदौर संभाग में फिलहाल पदस्थ अधिकारी भी शामिल होते हैं। इस संगठन को 2019 में बनाया गया था। कोरोना काल में भी सब संपर्क में रहे। खास बात ये कि संगठन के सदस्यों का इंदौर और मालवा क्षेत्र से भावनात्मक लगाव हैं।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल और विस्तार अब 15 अगस्त के बाद

केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल और विस्तार की संभावना फिलहाल टल गई है। सूत्रों का कहना है कि अब विस्तार की संभावना 15 अगस्त के बाद हो सकती है। 11 अगस्त को संसद का मानसून सत्र समाप्त होगा और उसके बाद स्वतंत्रता दिवस समारोह है।

### कौन बनेगा प्रवर्तन निदेशालय का ईडी

आखिरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने ईडी के निदेशक को सरकार को पद से हटाने को मजबूर कर दिया। वे 31 जुलाई तक इस पद पर बने रहेंगे। सत्ता के गलियारों में इस पद को प्राप्त करने के लिए जोड तोड़ शुरू हो गई है। आईएएस, आईपीएस के अलावा कुछ आईआरएस-आईटी अफसर ईडी का अगला मुखिया बनने के लिए कोशिश में लग गये हैं। सूत्रों के अनुसार 1988 बैच के आईआरएस अधिकारी सीमाचल दास इस दौड मे आगे बताए जा रहे हैं।




वे दो साल पहले तक ईडी में ही विशेष निदेशक थे। उम्मीद है कि 25 जुलाई के बाद सरकार इस पद पर नये अधिकारी को नियुक्त कर देगी। वैसे इस पद के लिए मध्यप्रदेश कैडर के 1994 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक अग्रवाल और उत्तर प्रदेश कैडर की आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला का नाम भी दौड़ में बताया जा रहा है। बता दें कि पहले इन पदों पर आईएएस अधिकारी पदस्थ होते रहे हैं।

### भयंकर बाढ़ में भी सीएम और उप राज्यपाल के बीच बनी रही तनावपूर्ण दूरी

दिल्ली की बाढ़ ने एक बार फिर आप सरकार की कमजोरी को उजागर कर दिया। मुख्यमंत्री और उप राज्यपाल के बीच भी तनावपूर्ण दूरी भी देखने को मिली। दोनों ही अलग अलग बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करते रहे। आप के नेता अधिकारियों के न सुनने का रोना ही रोते रहे। मुख्यमंत्री भी केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगाते रहे। समन्वय की कमी का असर राहत कार्यों में देखने को मिला।

# पश्चिमी बंगाल - इस चुनावी हिंसा का ज़िम्मेदार कौन ?

**-राकेश दुबे**

भारत में पश्चिमी बंगाल ही एकमात्र राज्य है जहां हर स्तर के चुनावों में हिंसा का तांडव होता है। पंचायत चुनावों में इस बार 50 से अधिक लोग चुनावी हिंसा के शिकार हुए। इनमें 12 से अधिक मुस्लिम थे। आश्चर्य की बात यह है कि देश में लोकतंत्र की दुहाई देने वाले प्रतिपक्षी दलों ने अल्पसंख्यकों की हत्या पर रोष रंक जारी करना उचित नहीं समझा। यही प्रतिपक्षी दल भाजपा के ख़िलाफ़ अल्पसंख्यकों पर अत्याचार सहित दूसरे आरोपों को लेकर एकजुट होने की तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी तो हिंसा प्रभावित मणिपुर भी गए, किन्तु बंगाल में हुई भीषण हिंसा पर एक शब्द तक नहीं बोले। उन्हें बंगाल में पंचायत चुनाव में लोकतंत्र की हत्या दिखाई नहीं दी। जबकि बंगाल में हुई हिंसा में बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की मौत हुई है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सिर्फ इतना ही कहा कि बंगाल में लोकतंत्र नहीं है। कांग्रेस के फायरब्रांड नेता दिग्विजय सिंह ने कहा भयानक हुआ। डराने वाला है।

गौरतलब है कि कर्नाटक में विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बावजूद हिंसा में एक भी मौत नहीं हुई। पश्चिमी बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने पंचायत चुनाव में हुई हिंसा पर कहा, 'मैंने जमीन पर जो देखा वह बहुत परेशान करने वाला है, वहां हिंसा और हत्याएं हो रही हैं। एक बात जो मैंने देखी है, वह यह है कि गरीब लोग ही मारे जाते हैं, हत्यारे भी गरीब हैंज्हमें गरीबी को खत्म करना चाहिए, लेकिन इसके बजाय हम गरीबों को मार रहे हैं।' बंगाल इसका हकदार नहीं है। भाजपा ने कहा, 'अगर यह दृश्य किसी और राज्य में देखने को मिला होता, तो हाहाकार मच गया होता। अब मोहब्बत की दुकान खोलने वाले कहाँ है?। जितने लोग मारे गए हैं, इसमें राज्य के जिम्मेदार लोग शामिल हैं। फायरिंग, बमबारी, मतपेटी को जलाया गया। ये सारे नेता, जो हाथ पकड़-पकड़ कर राज्यों में खड़े होते हैं, वे कहां थे ? कहां हैं लालू प्रसाद यादव, कहां हैं नीतीश कुमार और कहां रहे राहुल गांधी?

ध्यान से देखिए,बंगाल में पंचायत चुनाव का रिजल्ट आते ही हिंसा का दूसरा दौर शुरू हुआ। दक्षिण-24 परगना जिले के भंगोर में हिंसा में इंडियन सेकुलर फ्रंट के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई तो वहीं हाथ में गोली लगने से एडिशनल एसपी बुरी तरह से घायल हो गए। पूरा मामला काउंटिंग से जुड़ा हुआ है, जहां गिनती में पहले आईएसएफ कैंडिडेट आगे चल रहा था, लेकिन बाद में वह हार गया। इसी को लेकर शुरू हुए बवाल ने धीरे-धीरे बड़ी हिंसा का रूप ले लिया। 8 जुलाई को 74 हजार पंचायतों के लिए वोटिंग हुई थी, जहां कुछ मतदान केंद्र विवादित होने पर यहां दोबारा से वोटिंग करानी पड़ी थी। चुनाव के दौरान हर बूथ पर राज्य पुलिस के अलावा चार केंद्रीय बल के जवानों की तैनाती की गई थी। पश्चिमी बंगाल देश के चुनावी इतिहास में अनोखे रिकार्ड कायम कर रहा है। यह देश का ऐसा राज्य है जहां पंचायत स्तर पर चुनावी हिंसा को रोकने के लिए हाईकोर्ट के आदेश से अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई। अर्धसैनिक बलों की तैनाती का मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूरी ताकत से विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट से भी उन्हें राहत नहीं मिल सकी।

पश्चिमी बंगाल में चुनावी खौफ का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हजारों उम्मीदवार निर्विरोध विजयी हुए। डर के मारे लोगों ने पंचायत चुनाव लड़ने का नामांकन दाखिल नहीं किया। निर्विरोध ज्यादातर तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी जीते, हिंसा के डर से किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। नामांकन वापस लेने की निर्धारित समय सीमा के बाद पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग के आंकड़े पुष्टि करते हैं कि तीनों स्तरों पर 73887 सीटों में से 7005 सीटों पर उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की है। यह कुल सीटों की संख्या का लगभग 9.48 प्रतिशत है। इनमें ज्यादातर ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी हैं।

सबसे ज्यादा हिंसा के मामले उत्तर और दक्षिण 24 परगना के अलावा मुर्शिदाबाद और कूचबिहार से सामने आए हैं। कूचबिहार में तो टीएमसी कार्यकर्ताओं ने उस वक्त हद ही कर दी जब मतपेटियां तक तोडने के बाद उसमें पानी डाला और कुछ में आग भी लगा दी। इसके साथ ही उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर में भी कमोबेश ऐसी ही घटनाएं देखने को मिलीं। विधानसभा चुनाव के दौरान भी पश्चिम बंगाल में 52 लोगों की जान गई थी। इस दौरान सिर्फ बीजेपी के कार्यकर्ताओं की ही हत्या नहीं हुई, अन्य पार्टियों के कार्यकर्ता भी इसमें शामिल थे। पश्चिम बंगाल में सीबीआई ने विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा के सिलसिले में 43 मामले दर्ज किए थे। सीबीआई ने ये मामले कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में दर्ज किए थे। विधानसभा और लोकसभा चुनावों के इतर पंचायत चुनावों में भी यहां की धरती पर खून की नदियां बहना आम बात रही है। साल 2013 और 2018 में गोलीबारी, बमबारी, आगजनी, पत्थरबाजी और शारीरिक अंगों को काटने की कई घटनाएं दर्ज की गई थीं। क्या यह पश्चिम बंगाल की नियति है या सरकारी तंत्र की विफलता। चुनाव आयोग या सरकार, किसी न किसी को इन मौतों की जिम्मेवारी लेनी होगी।

# राज-काज: प्रदेश भाजपा को सोते से जगा गए अमित शाह

**दिनेश निगम 'त्यागी'**



कहा जाता है भाजपा हमेशा चुनावी मोड में रहती है। पार्टी कार्यक्रमों में नेता-कार्यकर्ता सदैव व्यस्त रहते हैं। बावजूद इसके ऐसा लगता है कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह के अचानक भोपाल दौरे से पहले प्रदेश भाजपा चुनाव तैयारी के लिहाज से निद्रा में थी। शाह की चार घंटे मैराथन बैठक के बाद ही नेता इस निद्रा से जागे। शाह ने प्रदेश के नेताओं को चेताया, हिदायत दी और चुनावी टिप्स दिए। उन्होंने सवाल किया की अब तक जन आशीर्वाद क्यों शुरू नहीं हुई? चुनाव से जुड़ी समितियां अब तक क्यों नहीं बन पाई?

सरकार और संगठन से पार्टी कार्यकर्ता खफा क्यों है? उन्होंने कहा कि सभी को भोपाल छोड़कर अपने क्षेत्रों में ध्यान देना चाहिए। शाह के सवालों के जवाब न सरकार के पास थे, न संगठन के पास। शाह की घूंटी का असर ये हुआ कि पार्टी में अचानक चेतना आ गई। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक बना दिया गया। चुनाव से जुड़ी अन्य समितियां गठित होने लगीं। चुनाव प्रभारी बनाए गए केंद्रीय मंत्री द्वय भूपेंद्र यादव एवं अश्विनी वैष्णव का तीन दिनी दौरा बन गया। नाराज नेताओं, कार्यकर्ताओं को संतुष्ट करने की दिशा में योजना बनने लगी। सरकार और संगठन जल्दी ही जन आशीर्वाद यात्रा लेकर जनता के बीच पहुंचेगी। सोई भाजपा अब चाक-चौंबद दिखने लगी।

### भाजपा में बढ़ गया केंद्रीय नेतृत्व का दखल



वजह प्रदेश भाजपा की साख में गिरावट हो या विधानसभा चुनाव में पराजय की आशंका, पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश में अपना दखल बढ़ा दिया है। खबर है कि चुनाव में काम तो प्रदेश संगठन एवं प्रदेश के नेता करेंगे लेकिन होगा सब केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशन। इसीलिए संभवतः पहली बार दो केंद्रीय मंत्रियों को प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। तीसरे केंद्रीय मंत्री को चुनाव प्रबंधन समिति की कमान सौंपी गई है। तीनों केंद्रीय मंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के खास हैं। चुनाव तक ये तीनों मंत्री मप्र में ही कैम्प करेंगे। सत्ता और संगठन को ये अपने हिसाब से चलाएंगे।

जोर इस बात पर होगा कि चुनाव में जीत हासिल कर किसी भी तरह फिर सरकार बनाई जाए। केंद्रीय मंत्रियों भूपेंद्र सिंह, अश्विनी वैष्णव एवं नरेंद्र सिंह तोमर ने तीन दिन भोपाल में डेरा डाल कर इसकी शुरूआत कर दी है। खबर यह भी है कि प्रदेश भाजपा की मीडिया का काम भी तीन केंद्रीय प्रवक्ता देखेंगे। उनका कार्यालय भाजपा कार्यालय से अलग बनाया जाएगा। इसके लिए जगह तलाशी जा रही है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए जो पहला गीत तैयार किया है, वह नरेंद्र मोदी पर केंद्रित है। इससे पता चलता है कि पार्टी विधानसभा का चुनाव भी मोदी के नाम पर ही लड़ेगी, प्रदेश के किसी नेता के चेहरे पर नहीं।

### शाही भोज के बहाने सिंधिया का शक्ति प्रदर्शन



भाजपा में किनारे किए जाने की चर्चाओं के बीच केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ताकत दिखाते नजर आने लगे हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का ग्वालियर आगमन और जय विलास पैलेस में उनका शाही भोज सिंधिया का शक्ति प्रदर्शन जैसा था। मुर्मू ने राज्यपाल मंगूभाई पटेल, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई हस्तियों के साथ महल में काफी समय बिताया। उनका आलीशान स्वागत, सत्कार हुआ। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी जयविलास पैलेस जाकर सिंधिया का सत्कार स्वीकार कर चुके हैं।

तब शाह भी सिंधिया को अपने साथ ले गए थे। लंबे समय बाद देश की ताकतवर हस्तियों का सिंधिया महल में जाना शुरू हुआ है। इसका श्रेय ज्योतिरादित्य को ही जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल आए, तब भी सिंधिया छाए रहे थे। मोदी उनका हाथ पकड़ विमान में साथ ले गए थे। चुनाव से जुड़ी बैठकों में भी वे सक्रियता से हिस्सा लेने लगे हैं। अचानक रात में जब अमित शाह भोपाल आए तब चर्चा ही शुरू हो गई की सिंधिया को बड़ी जवाबदारी मिलने वाली है। ताजे राजनीतिक घटनाक्रम से साफ है कि सिंधिया ने भाजपा में अपनी जगह बना ली है। प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन भले न हो, लेकिन चुनाव की दृष्टि से सिंधिया को महत्वपूर्ण जवाबदारी मिल सकती है।

### विधानसभा सत्र की गरिमामय विदाई भी नहीं



पंद्रहवीं विधानसभा का मानसून सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ गया। विधानसभा के लगभग हर सत्र में यही हो रहा है। सत्तापक्ष और विपक्ष द्वारा जो हालात बनाए जाते हैं, इसे देखकर लगता है कि कोई दल सत्र चलाने को लेकर गंभीर नहीं है। नंवबर में विधानसभा के चुनाव प्रस्तावित हैं, इस नाते संभवतः यह इस विधानसभा का अंतिम सत्र था। उम्मीद की जा रही थी कि इसकी विदाई गरिमामय माहौल में होगी। सदस्यगण राजनीतिक गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे से मिलेंगे। बधाईयां देंगे। सामूहिक भोज और फोटो सेशन होगा। लेकिन यह सब सपना बनकर रह गया। 10 जुलाई से शुरू होने वाले इस सत्र को पहले ही 11 जुलाई से कर दिया गया था।

पहले दिन श्रद्धांजलि के बाद दो सवाल हुए और हंगामा शुरू हो गया। दूसरे दिन भी प्रश्नकाल चला, इसके बाद सदन हंगामे में डूब गया। स्पीकर ने दोनों दिन हंगामें, शोर-शराबे के बीच कार्यसूची निबटाई। पहले दिन कार्यसूची निबटाने के बाद अगले दिन के लिए सदन की कार्रवाई स्थगित की और दूसरे दिन तो पूरक एजेंडा लगाकर पूरा काम ही निबटा दिया। सदन की कार्रवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सदन आधे दिन भी नहीं चला। सदन चलाने का माहौल बनाने कोई प्रयास करता भी नहीं दिखा। लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर का यह हश्र चिंताजनक है।

### राज्य सरकार के गले की फांस बनते ये संकट

चुनावी साल में सरकार के सामने संकटों की भरमार है। एक खत्म नहीं हो पाता, दूसरा खड़ा हो जाता है। यह बात अलग है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान धैर्य और चातुर्य का परिचय देते हुए इनसे निबट रहे हैं। पहले सीधी के पेशाब कांड का संकट आया। मुख्यमंत्री चौहान ने आरोपी के खिलाफ सख्ती दिखा और पीड़ित के घावों पर मरहम लगाकर इससे निबटने की कोशिश की। हालांकि इस कार्रवाई से ब्राह्मणों का एक वर्ग नाराज हो गया। यह शांत नहीं हुआ था कि पटवारी भर्ती परीक्षा का संकट आ गया। भाजपा के एक विधायक के कालेज से परीक्षा देने वाले ही जब मैरिट में आ गए तो बवाल मच गया। छात्र, बेरोजगार और विपक्ष सड़क पर उतर आया। मुख्यमंत्री ने देर किए बिना जांच होने तक चयन प्रक्रिया पर रोक लगा कर युवाओं के गुस्से को शांत करने की कोशिश की। कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री लगातार घोषणाएं कर रहे हैं। पहले संविदा कर्मचारियों के बारे में निर्णय लिया, इसके बाद सभी कर्मचारियों के लिए केंद्र के सामान महंगाई भत्ते का एलान कर दिया लेकिन पुरानी पेंशन स्कीम सरकार के गले की फांस बन गई है। इसे लेकर कर्मचारी लामबंद हो रहे हैं। आंदोलन की घोषणा हो गई है। पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर कर्मचारियों को समझाना कठिन हो रहा है। मुख्यमंत्री इससे कैसे निबटते हैं, इस पर नजर है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## औबेदुल्लागंज के पास बन रहे नेशनल हाईवे पर बाघ



औबेदुल्लागंज । औबेदुल्लागंज में शाहगंज जोड़ के पास बाघ के मूवमेंट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। शनिवार रात निर्माणाधीन एनएच-46 के पोल नंबर 16 के पास बाघ को देखा गया। बाघ सड़क पार करते हुए जंगल में ओझल हो गया। बाघ के सड़क पार करते समय एनएच पर वाहनों का आवागमन भी जारी रहा । हाइवे निर्माण कर रही कंपनी के कर्मचारियों ने ही वीडियो बनाया है। बाघ दिखाई देने से कंपनी के कर्मचारियों में भय का माहौल है।

## नैनपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नैनपुर जंक्शन स्टेशन सलाहकार समिति का गठन

नैनपुर स्टेशन सलाहकार समिति नागपुर संभाग के नैनपुर स्टेशन कमेटी मैं नियुक्ति सदस्य अशोक नाहटा राम कुमार चौरसिया पत्रकार कृष्णा पंजवानी अध्यक्ष नगर पालिका प्रेम असवानी कन्हैया झारिया विकास खंडेलवाल अजय नवेरिया अंकुर खंडेलवाल शिव कुमार मिश्रा कन्हैया चावला की गई हैं

## शासकीय विभागों में प्राइवेट ड्राइवर वाहन चालकों की बैठक संपन्न



दमोह जिले के शासकीय विभागो में लगे प्राईवेट वाहन चालकों के द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर कचौरा अंबेडकर भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समस्त शासकीय विभागों में लगे प्राइवेट वाहनों के ड्राइवर मौजूद रहे। इस दौरान समस्त ड्राइवरों की समस्याओं को जाना जिसमे इनकी जो एक माह की तनख्वाह है वह कम मिलती ओर जो अधिकारी वाहन ड्राइवरों को बाहर ले जाते हैं जहा उनको खाना रुकने का भत्ता नही मिलता ओर भी अनेक समस्या है जिनको सभी प्राइवेट ड्राइवर वाहन चालक मंगलवार जन सुनवाई मे कलेक्टर साहब के समक्ष एक आवेदन के माध्यम से रखेंगे।

## गृहस्थ संत अनिल शास्त्री नौगांव आए, शिष्य मंडल ने किया स्वागत

छतरपुर। ब्रम्हलीन गृहस्थ संत पंडित देवप्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के सुपुत्र गृहस्थ संत अनिल शास्त्री शुक्रवार को छतरपुर होते हुए नौगांव पहुंचे। यहां दद्दा शिष्य मंडल के सदस्यों ने उनकी जोरदार अगवानी की। श्री शास्त्री ने नौगांव के मानस भवन में ब्रम्हलीन गृहस्थ संत देव प्रभाकर शास्त्री के जन्मदिन 22 सितंबर से 28 सितंबर 2023 तक होने जा रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण, अठारह पुराणों का वाचन, महारूद्र यज्ञ आदि के वृहद कार्यक्रम को लेकर शिष्य मंडल के सदस्यों से चर्चा की और शिष्यों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मौके पर भगवत प्रेमी, समाजसेवी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। दद्दा शिष्य मंडल के सदस्य डॉ. अशोक दीक्षित ने बताया कि बड़े भैया सरकार ग्वालियर जाते समय अल्प प्रवास पर नौगांव पहुंचे। नौगांव में संक्षिप्त बैठक के दौरान उन्होंने मार्गदर्शन प्रदान किया और आयोजन स्थल मेला मैदान का भी जायजा लिया तत्पश्चात श्री नायक के यहां भोजन प्रसादी लेने के बाद ग्वालियर के लिए रवाना हुए।

## 111 गांवों की पदयात्रा शुरू करेंगे विधायक नीरज दीक्षित



छतरपुर। प्रदेश विधानसभा के युवा विधायक नीरज विनोद दीक्षित पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने विधानसभा क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए 18 जुलाई को 21 दिवसीय किसान संघर्ष पदयात्रा पर निकलेंगे। पांच सौ से अधिक किमी की पैदल दूरी तय कर विधायक नीरज दीक्षित आगामी 8 अगस्त को नौगांव में आमसभा करेंगे।

महाराजपुर विधायक नीरज दीक्षित की किसान संघर्ष पदयात्रा का शुभारंभ मंगलवार को महाराजपुर अंचल के ग्राम गौरारी स्थित देवी मंदिर में सुंदरकांड पाठ के साथ होगा। विधानसभा के लगभग 111 ग्रामों से होते हुई यह पदयात्रा 8 अगस्त को नौगांव पहुंचेगी जहां किसानों और क्षेत्रवासियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की आवाज बुलंद की जाएगी। ग्राम गौरारी स्थित देवी मंदिर में सुंदरकांड पाठ के वाचन के साथ पदयात्रा करते हुए विधायक नीरज दीक्षित कस्बा महाराजपुर पहुंचेंगे जहां आमसभा का आयोजन किया गया है। इस आमसभा में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सहप्रभारी सीपी मित्तल, मप्र पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा के अलावा जिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। किसान संघर्ष पदयात्रा की जानकारी देते हुए विधायक श्री दीक्षित ने कहा है कि महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के आमजन मानस की समस्याओं के निराकरण को लेकर यह पदयात्रा निकाली जा रही है। मैं अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहा हूँ और आगे भी यही मेरा प्रथम कर्तव्य होगा इसके लिए मुझसे जो भी बन पड़ेगा मैं पूरी तरह से समर्पित रहूंगा।

## गंधवानी पुलिस ने यातायात सप्ताह मनाया

पुलिस थाना गंधवानी के द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया । सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शासकीय तथा अशासकीय संस्थाओं में जाकर बच्चों को यातायात के नियमों के संबंध में जानकारियां दी गई । सेवन डे हायर सेकेंडरी स्कूल गंधवानी मे श्री अशोक कनेश उप निरीक्षक गंधवानी ने बताया कि हेडफोन कान में लगाकर गाड़ी ना चलाएं । आपका ध्यान गाड़ी चलाने पर ही रहें। उन्होंने बच्चों को समझाए जी यदि आपके पापा हेडफोन लगाकर गाड़ी चला रहे हो तो उन्हें टोके तेज गति से गाड़ी चलाने से रोके । फोर व्हीलर गाड़ी में सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाएं। ऐसे अनेकों नियमों को समझाएं। स्कूल के अध्यक्ष नीलेश राठौड़ ने गाड़ी को कंट्रोल स्पीड में चलाने का कहा उन्होंने बताया की गाड़ी का एक्सीडेंट होने से हमारी ही नहीं सामने वाले की भी जान जा सकती है अतः नियमानुसार गाड़ी चलाएं। कार्यक्रम में पुलिस थाना के रामकिशोर मिश्रा एवं आसाराम आरक्षक उपस्थित रहे ।अंत में प्राचार्य अरुण मैते ने समस्त पुलिस स्टाफ का आभार माना।

# अघोषित बिजली कटौती से शहरवासी परेशान

## 15 दिनों से जमकर चल रही बिजली की आँख मिचौली



ओबैदुल्लागंज संवाददाता .बिजली की अघोषित कटौती ने लोगों को परेशान कर दिया है। हालात यह है कि बिजली कब गुल हो जाये इसका कोई भरोसा नहीं। बिजली की बार-बार कटौती के कारण दुकानदारों से लेकर गृहणियां और छात्र-छात्राएं भी बेहद परेशान है। रोजाना शहर में हो रही बिजली कटौती की विभाग द्वारा कोई पूर्व सूचना भी नहीं दी जाती। ऐसे में गृहणियों को पेयजल से लेकर जरूरी कामो के लिए घंटों बिजली आने का इंतजार करना पड़ता है।

गौरतलब रहे कि बारिश के पूर्व मेंटेनेंस पूर्ण होने के बाद भी रोजाना अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। शहरवासियों का कहना है कि जब से बारिश शुरू हुई है, शहर की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। हालात यह है कि दिन और रात में बिजली की बेतहाशा कटौती की जाती है, जबकि गर्मी के दिनों में भी विभाग द्वारा कभी मेंटेनेंस तो कभी लोड शैडिंग के नाम पर बिजली बंद कर दी जाती थी।मेंटेनेंस पर लाखों खर्च, फिर भी कटौती जारी बिजली कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष बारिश पूर्व प्री-मेंटेनेंस का कार्य किया जाता है। घंटों कटौती की जाती है। लाखों रूपए खर्च भी किए जाते हैं, ताकि बारिश के दौरान बिजली सप्लाई में परेशानी न आए और लोगों को बिजली सप्लाई लगातार मिलती रहे। इस बार भी बिजली कंपनी ने शहर में बिजली का मेंटनेंस किया। इसके बाद भी शहर में बार-बार बिजली गुल हो रही है। इस कटौती के कारण वैकल्पिक साधन भी चार्ज नहीं हो पाते हैं। इससे अंधेरे में रहना पड़ता है।

### पेयजल के लिए लोग परेशान-

अघोषित बिजली कटौती के कारण पेयजल सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में कटौती के कारण पेयजल सप्लाई का शेड्यूल भी प्रभावित हो रहा है। बिजली कटौती की वजह से टाइम पर पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा। इससे लोगों को परेशान होना पड़ता है।

कई लोगों के घरों में निजी ट्यूबवेल है और वे निजी ट्यूबवेल से ही पानी की आपूर्ति करते हैं, लेकिन बार-बार बिजली कटौती के कारण समय पर पानी नहीं मिल पाता। इससे उनके काम प्रभावित हो रहे हैं। बिजली विभाग को अघोषित कटौती बंद करना चाहिए।सभी लोग अघोषित कटौती से परेशान- अघोषित बिजली कटौती के कारण व्यापारियों में रोष देखा जा रहा है। बार-बार अघोषित बिजली कटौती के कारण व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। कटौती की वजह से आटा चक्की, इलेक्ट्रॉनिक शॉप सहित अन्य दुकानदार परेशान है। वहीं बिजली नहीं होने के कारण गृहणियों के घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। रात में बिजली कटौती के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इधर वर्तमान में अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके छात्र-छात्राएं नौकरी के लिए फार्म भरने कैफे पहुंचते हैं, लेकिन बिजली नहीं होने के कारण उन्हें मायूस लौटना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

24 घंटे में 20 से 25 बार बिजली की अघोषित कटौती हो रही है और 2 से 3 घंटो के लिए रेगुलर लाइट जाती है बिजली घर के जिम्मेदार फोन नही उठाते।

**नरेश सेठी रहवासी औबेदुल्लागंज।**

लगातार बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है बिजली आधी मिल रही है और बिल पूरा आ रहा है बारिश के दिनों में जलजीवों का भी खतरा बना रहता है लोग अपने घरों में अंधेरे में रात गुजरने को मजबूर है।

**भागवत राजपूत रहवासी ग्राम खिल्लिखेड़ा।**

बिजली कटौती से व्यापारी बहुत परेशान है वोल्टेज कम ज्यादा होने के कारण मेरी दो वजन तोलने वाली मशीनें खराब हो गई बिजली घर का जो हेल्प लाइन नंबर है वो हमेशा बिजी बताता है लगता नही है।

**विनोद केवट व्यापारी औबेदुल्लागंज।**

अघोषित कटौती नही है बारिश के कारण दिक्कत आ रही बीती रात बारिश के कारण फाल्ट ढूढने में थोड़ा समय लग गया था लेकिन डेढ़ बजे रात को बिजली चालू करदी गई थी बारिश से ही थोड़ी दिक्कत आ रही है और कुछ नही है।

**कैलाश सिंह ठाकुर उप महाप्रबंधक विधुत वितरण कंपनी औबेदुल्लागंज।**

## खजुराहो के मतंगेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा सोमवती अमावस्या को जनसैलाब...



विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो के अति प्राचीनतम महादेव मंदिर मतंगेश्वर महादेव में सोमवती अमावस्या के दिन आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा जहां हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान मतंगेश्वर महादेव मंदिर में जल अर्पित कर दर्शन लाभ प्राप्त किए ।

मतंगेश्वर महादेव मंदिर में सोमवती अमावस्या होने के कारण यहां सुबह से ही लोगों के पहुंचने का क्रम जारी हो गया जो धीरे-धीरे बढ़ते बढ़ते हजारों की तादाद में पहुंच गया मंदिर में कहीं भी पैर रखने की जगह नहीं थी, हालांकि मंदिर परिसर के बाहर पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई थी एवं सड़क पर भोग प्रसाद की दुकानें एवं उसके आगे वाहन खड़े होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा, निश्चित रूप से स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को खासतौर से विशेष अवसरों पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के मद्देनजर इस और ध्यान देने की आवश्यकता है।

## मुख्यमंत्री के निर्देशन में विधायक के नेतृत्व में विकास पर्व कार्यक्रम पर सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने भाजपा की सदस्यता ली



दमोह मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशन पर्व का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जबेरा विधानसभा से विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी जी के नेतृत्व में इस यात्रा का शुभारंभ हरदुआ मानगढ़ से किया गया जिसमें आज जबेरा विधायक मनगुवां मानगढ़,घुटकुआ,घाट बम्होरी, घटेरा, लरगुवां,पटी नंदलाल,बनवार पहुंचे जहां ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन किए एवं जबेरा विधायक ने विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी नागरिकों के बीच रखी एवं सरकार की जन हितेषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी इस दौरान जबेरा विधायक ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और निराकरण हेतु अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिया। इस दौरान भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की ।

## बरेली नगर की अग्रणी चाणक्य कोचिंग संस्थान के 12 छात्र-छात्राओं का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

बरेली 7 जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा में बरेली की अग्रणी चाणक्य कोचिंग संस्थान के 12 छात्रों ने बाजी मारी कोचिंग संस्थान के इतने अच्छे परिणाम से क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का माहौल है कोचिंग संस्थान के छात्र सरगम, समीक्षा चौधरी, मानसिका पटेल, आयुष्य पटेल, दिव्यांश चौधरी,शुभम विश्वकर्मा,गौरभ विश्वकर्मा,मनीष लोधी,अजय रघुवंशी, प्रियांश मेहरा,लक्ष्य पटेल, सार्थक पटेल ने नवोदय विद्यालय मैं चयन होकर कोचिंग संस्थान परिवारजनों और क्षेत्र का नाम रोशन किया कोचिंग संचालक महेन्द्र धाकड़ ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


## कांग्रेस के विभिन्न मोर्चों, विभागों और प्रकोष्ठों की बैठक संपन्न



सिवनी- जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में मोर्चा, विभाग एवं प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षो की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा ली गई। बैठक में सभी जिला अध्यक्षों से समस्त ब्लाकों में कमेटियों के गठन की समीक्षा की एवं प्रत्येक जिला अध्यक्षों को अतिशीघ्र जिला कांग्रेस कार्यालय में अपने अपने मोर्चा, विभाग एवं प्रकोष्ठो की बैठक आयोजित करने निर्देशित किया। बैठक में खुराना ने कहा कि यदि जिला अध्यक्ष ब्लाको में अपने अपने विभाग व प्रकोष्ठो में नियुक्तिया नही कर पा रहें है तो वह आपसे जुड़े हुये लोग कांग्रेस पार्टी के लिए काम करना चाहते है उनका अहित कर रहें है उन्हें कांग्रेस पार्टी के माध्यम से जनसेवा करने से दूर कर रहें है। आप सौभाग्यशाली है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने आपको जिले की राजनीति में स्थापित करने का अवसर प्रदान किया, यह अब आप पर निर्भर करता है कि आप आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को कितना लाभ पंहुचा सकते है। निश्चित रूप से प्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है लेकिन इसके लिए सभी मोर्चा, विभाग एवं प्रकोष्ठ को कांग्रेस पार्टी के लिए अपनी कार्यक्षमता को प्रदर्शित करना होगा। आगामी बीस दिनों के अंदर सभी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला स्तर की बैठक आयोजित करेंगे।

बैठक में जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सेवकराम चन्द्रवंशी, जिला कांग्रेस संगठनमंत्री एड. पंकज शर्मा, विष्णु करोसिया, मोहनसिंह चंदेल, घनश्याम सनोडिया, सूर्यनारायणसिंह बघेल, मदन सक्सेना, विजय चैरसिया, राजिक अकील, आनंद पंजवानी, महेन्द्र पंडया, राजेन्द्रसिह सिसोदिया, शीरी अफरोज, श्रीमति सुनीता सनोडिया, गिडियन टी सी, राजेश मानाठाकुर, ऐजाज खान, अनीस खान, सलाम कुरैशी, धनंजय सिंह, सुमित मिश्रा, डॉ. एस.बाबू राव, नितिन शुक्ला, गेंदलाल भलावी, ध्रुवनारायणसिंह, विनोद यादव, विजय उइके, मुबारक खान, हुकुमचंद सनोडिया, संदीप चैहान, मयूर चैरसिया, दीपक बघेल, विनोद नाग, गोपाल परते की उपस्थिती रही।

## जमीन विवाद में राजनीतिक दबाव में हुई जमीन मालिक पर एफआईआर , नहीं मिला कब्जा



बाड़ी । शहर से निकले नेशनल हाईवे क्रमाँक 12 पर नगर पंचायत की वार्ड क्रमांक 12 में दुकान और मकान बने हुए हैं , और इनके आगे रामेश्वर पुरविया आत्मजत्मज नारायण सिंह निवासी मोकलबाड़ा निवासी मोकलबाड़ा की जमीन हैं जिसके के पक्ष में हाईकोर्ट जबलपुर से निर्णय हुआँ , लेकिन बाड़ी तहसीलदार ने कब्जे की कोई कार्यवाही नहीं , जब बरेली एसडीएम कार्यालय से 25.04.2023 को तहसीलदार बाड़ी के लिए पत्र लिखा और 15.05.2023 पटवारी आर आई ने नप्ती कर चूना डाल दिया .लेकिन पटवा के खास सर्मथक मुकेश जैन और उनके परिजनों ने बबाल काट दिया और उस दिन पटवारी आर आई कब्जा नहीं दिला पाये ..महज पंचनामा बनाकर चले गए। 13.07.2023 को रामेश्वर पुरविया अपनी जगह देखने आया तो उसे रानू जैन, मुकेश जैन,पंकज जैन, राकेश जैन ने उसे देखते ही गंदी गंदी गालियाँ दी बहाँ से भगा दिया. इसके बाद इन्होंने थाने बुजुर्ग महिला के द्वारा रामेश्वर पुरविया,राजकुमार पुरविया,शिवराज पुरविया,एबं अरबिंद पुरविया के विरुद्ध धारा,294,323,506,एबं 34 एक्ट के तहत चार अपराधियों पर मारपीट एवं गालीगलौज का मुकदमा दर्ज किया गया।

## हादसे के बाद भी नहीं रुक रहा अमरगढ़ वॉटरफॉल पर पिकनिक मनाने का सिलसिला



सीहोर। बारिश के मौसम में प्राकृतिक जल स्त्रोतों में मौज मस्ती करने लोग पहुंच रहे हैं, उन्हें जल स्त्रोतों में बुधनी के शाहगंज के पास अमरगढ़ भी आता है। यहां पर ऊपर से झरना बहता है और लोग इस का लुफ्त उठाते हुए सेल्फी लेते हैं और अक्सर हादसों का शिकार होते हैं अभी 2 दिन पहले ही एक भोपाल निवासी आकाश जायसवाल पानी में बह गया था। इसके कारण उसकी की मौत हो गई

सबसे हैरानी की बात ये है कि यह कोई पहला वाक्या नहीं है। हर साल यहां पर घटना घटित होती हैं प्रशासन चेतावनी बोर्ड भी लगाता है लेकिन लोग चेतावनी को दरकिनार कर अमरगढ़ झरना पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं। रविवार को भी सैकड़ों की संख्या में लोग अमरगढ़ पर पहुंचे और बहते हुए झरने का लुफ्त उठाया।

बुधनी क्षेत्र के आसपास मिडघाट पिकनिक स्पॉट सतकुंडा और अमरगढ़ वॉटरफॉल जो की चारों और जंगल और हरियाली की मौजूदगी में बड़ी संख्या में लोग जब प्रकृति के बीच पहुंचते है और जमकर इंजॉय करते है, जबकि यह क्षेत्र प्रतिबंधित है लेकिन उत्साही लोगखतरे को दरकिनार कर यहां सेल्फी लेने वाले और इस झरने में स्नान करने वाले इस खूबसूरत झरनों में लुफ्त उठाते देखे जाते हैं। वही पानी का यह तेज बहाव ऐसे लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इसका अंदाजा उन्हें नहीं रहता है। कई बार हादसे होने के बावजूद भी लोग मौज मस्ती के साथ झरने पर लुफ्त उठाते हैं। ऐसा ही हरी-भरी वादियों के बीच बरसात के मौसम में बुधनी के समीपस्थ मुख्यालय से महज 6 किलोमीटर दूर भोपाल की और राष्ट्रीय राजमार्ग पर सतकुंडा एक पिकनिक स्पॉट का रूप है। जिस पर की पहाड़ों से आने वाले पानी का नजारा काफी सुंदर दिखाई देता है और बारिश के मौसम में नगर सहित दूरदराज से आए लोग पूरी मौज मस्ती के साथ सुंदरता मनोरम इस झरने से गिरते पहाड़ी पानी का लुफ्त उठाने पहुंचते हैं और परिवार के साथ पिकनिक मनाते हुए जमकर इंजॉय करते हैं और प्रकृति के इस खूबसूरत नजारे का आनंद लेते हैं। बारिश और खुशनुमा मौसम के बीच लोग इन हरी-भरी वादियों के बीच पहुंच रहे हैं। बुधनी से महज 6 किलोमीटर दूरी पर सतकुंडा एवं बुधनी के शाहगंज से 10 किलोमीटर खटपुरा गांव से जाने का रास्ता अमरगढ़ वॉटरफॉल का है।

## शाहगंज जोड़ पर बाघ दिखने वाला वीडियो हो रहा वायरल, दहशत

सीहोर। शाहगंज जोड़ एनएच 46 पर बाघ दिखने का वीडियो हो रहा है। वायरल सडक़ निर्माण कंपनी कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। शनिवार रविवार की दरमियानी रात को रातापानी अभ्यारण के पास शाहगंज जोड़ नेशनल हाईवे 46 पर एक रात को बाघ देखने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इसे देखकर सडक़ बना रही कंपनी कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। बता दें कि मिड घाट सेक्शन और बरखेड़ा के आगे तक के 10 किलोमीटर तक का सडक़ निर्माण जो हो रहा है उसको बंसल कंपनी द्वारा किया जा रहा है और उनके कर्मचारियों में बाघ देखे जाने के बाद से दहशत का माहौल है। यह बाघ रात के समय दिखा था जिससे कि किसी राहगीर ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया वायरल किया है वन विभाग के अनुसार उस क्षेत्र में बाघ का मूवमेंट बना रहता है।

### महाकालेश्वर शिव मंदिर पर भोलेनाथ की धूमधाम से हुई प्राणप्रतिष्ठा

## मूर्ति भ्रमण यात्रा धूमधाम के साथ निकली



मंडीदीप । शहर में वार्ड क्रमांक 12 इंदिरा नगर मैं महाकालेश्वर शिव मंदिर पर भगवान शिव परिवार की धूमधाम के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई इस मौके पर शिव परिवार को मूर्ति भ्रमण कराया गया जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ आयोजन स्थल पहुंचा बम बम भोले के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान था डीजे की थाप पर युवा थिरकने से नहीं रोक पाए और भोले की भक्ति में पूरा शहर डूबता नजर आया मंत्र वेद उच्चारण के साथ भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल .पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बद्री सिंह चौहान .पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेंद्र चोकसे. संतोष राय विजय जैन. उपेंद्र समैया .आशीष पाल सहित अनेक लोग मौजूद थे



आज भोपाल उत्सव मेला समिति के द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन एवं जांच का शिविर आयोजन आयोजन किया गया जिसमें वीरेंद्र जैन एवं अन्य पदाधिकारियों ने सेवा की।

## जन्मदिवस मंगलमय हो



राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार, दैनिक सुबह सवेरे के स्तंभकार भाई श्री अजय बोकिल जी का आज जन्म दिवस है उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई आप स्वस्थ प्रसन्न और दीर्घायु रहें , आपका सक्रिय लेखन कर्म जारी रहे. बाबा महाकाल कृपावंत हो।

## प्रोफेसर पीके विश्वास जागरण लेक यूनिवर्सिटी के कुलपति बने

भोपाल। प्रोफेसर पीके विश्वास को जागरण लेक यूनिवर्सिटी का कुलपति नियुक्त किया गया है। वे आईएमटी गाजियाबाद में डीन एकेडमिक्स, डीन रिसर्च आदि पदों पर रह चुके हैं। साथ ही न्यूयार्क इंस्टीट्यूट आफ फाइनेंस इंडिया चैप्टर के सलाहकार भी हैं।





पटवारी भर्ती परीक्षा में हुए घोटाले को लेकर आज नियुक्ति पत्र लेकर युवाओं ने प्रदर्शन किया।

## राजस्थान में भाजपा मिशन मोड पर

# इस महीने दूसरी बार राजस्थान आयेंगे पीएम मोदी

पीएम राजस्थान में चुनाव को लेकर भाजपा मिशन मोड पर है । कमोबेश हालात यह है कि पीएम मोदी हर एक महीने राजस्थान का एक दौरा कर रहे हैं।पिछले नौ महीने में पीएम मोदी आठ बार राजस्थान आ चुके हैं। इस बार मोदी एक महीने में दूसरी बार राजस्थान आ रहे हैं। पीएम मोदी 8 जुलाई को बीकानेर आए थे, वहीं अब बे फिर से 28 जुलाई को नागौर जिले के खरनाल आएंगे। नागौर जाट बाहुल्य इलाक़ा है।

राजस्थान विधानसभा चुनाव में बीजेपी की गंभीरता का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही नहीं बल्कि बीजेपी के कई शीर्ष नेता लगातार राजस्थान के दौरे कर रहे हैं।

इसी सिलसिले में भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को जयपुर आयें। उन्होंने बीलवा में कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा शुरू किए गए ÷नहीं सहेगा राजस्थान÷ अभियान की शुरुआत की।

नड्डा ने कहा कि नवंबर में विधानसभा के होने वाले चुनाव में गहलोत की भ्रष्ट और लूटने वाली सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने यूपीए का अर्थ समझाते हुए कहा कि उत्पीड़न, पक्षपात करने वाली और अत्याचार वाली सरकार को राजस्थान नहीं सहेगा।

उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के शासनकाल में जयपुर में बम विस्फोट हुए उनके आरोपियों को लोअर कोर्ट से फांसी की सजा दिलाने का काम किया गया था। जबकि गहलोत सरकार ने हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान कोई ध्यान नहीं दिया एडवोकेट जनरल के इस महीने ही गया और वह बरी हो गए। ऐसी लापरवाह करने वाली सरकार को राजस्थान कैसे कहेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आए शरणार्थियों के घरों पर बुलडोजर चलाने का काम गहलोत सरकार करती है और बांग्लादेश से आए रोहगियों को राशन कार्ड आई कार्ड बनाकर उन्हें बताने का काम गहलोत सरकार कर रही है।

नड्डा ने कहा कि राजस्थान में प्रतिदिन 18 से 19 रेप के केस हो रहे हैं। 1200दंगे हुए हैंऔर 8000 दलितों पर अत्याचार के मामले दर्ज हुए। उन्होंने कहा कि 19500 किसानों की जमीन कुर्क हुई है । उन्होंने भ्रष्टाचार का उदाहरण देते हुए कहा कि जब यहां राज्यमंत्री का दर्जा मिलने वाला साडे 18.50 लाख की रिश्वत लेने के मामले में पकड़ा जाए।

उन्होंने पीएम मोदी सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं को राजस्थान में हुए लाभ के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए का 31 लाख जल मिशन के कनेक्शन दिए गए हैं 70 लाख किसानों को सम्मान निधि 83लाख शौचालय का निर्माण किया गया है।

जेपी नड्डा ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण का काम चल रहा है और आगामी साल में पूरा हो जाएगा । उन्होंने कहा कि 40 करोड़ रुपए की लागत से तीर्थराज पुष्कर के जीर्णोद्धार का काम का काम भी शुरू किया जाएगा।




इस अवसर अत भाजपा की राष्टीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि इस सरकार ने साढ़े 4 साल में भ्रष्टाचार में डूबकर सरकार चलाई है। चारों ओर लूट मची हुई है। कल तो गहलोत सरकार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इनके पूर्व राज्यमंत्री 18.40 लाख रुपए की घूस लेते हुए पकड़े गए। प्रदेश में धर्म परिवर्तन हो रहे हैं। हमारी भामाशाह योजना को बंद करके उन्होंने चिरंजीवी योजना शुरू की। अन्नपूर्णा रसोई को बदलकर इंदिरा योजना कर दिया। खाने की क्वालिटी हमारे मुकाबले खराब कर दी है। वसुंधरा राजे ने कहा- पेपरलीक की सुनकर तो मुझे रोना आता है। 19 पेपरलीक हो गए। 40 लाख युवाओं का भविष्य खराब हो गया।

कानून राज्यमंत्री अर्जुन लाल मेघवाल ने कहा कि गहलोत सबसे भ्रष्ट और अस्थिर सरकार है। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के कारण रेप के कई मामलों में कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि मैं कानून मंत्री होने के नाते इसकी जानकारी रखता हूं कि यह सरकार ऐसे गलत लोगों के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को जब भी दिल्ली बुलाया जाता हैं। तब वे अगूंठा दिखा देते हैं। पहले हाथ का अगूंठा दिखाया था। अब पैर का अगूंठा दिखा दिया।

प्रतिपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि गहलोत सरकार में पेपर और नौकरी बिकने का काम होता है। उन्होंने कहा कि ऐसी भ्रष्ट सरकार को अब राजस्थान नहीं सहेगा।

'नहीं सहेगा राजस्थान' आंदोलन से संबधित ऑडियो, वीडियो और पोस्टर का विमोचन भी किया कया। लॉन्चिंग के साथ ही अगले 15 दिन प्रदेश में भाजपा आक्रामक तरीके से गहलोत सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगी। नड्डा जयपुर के बीलवा में चंदन वन वाटिका में आंदोलन की लॉचिंग के बाद जनसभा को भी संबोधित करेंगे। यह आंदोलन जयपुर से शुरू होकर संभाग और प्रत्येक विधानसभा स्तर तक किया जाएगा। इसकी अलग से एक वेबसाइट भी जारी की गई है। वेबसाइट पर प्रदेश स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक आंदोलन से जुड़ी तमाम जानकारियां मिलेंगी। यह आंदोलन प्रदेश भर में आगामी 1 अगस्त तक चलेगा। एक अगस्त को जयपुर में महा आंदोलन होगा।

## कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को 10 सूत्रीय प्रमुख मांगों को ज्ञापन सौंपा

भोपाल। मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश के कर्मचारियों की न्यायोचित 10 सूत्रीय प्रमुख मांगों का ज्ञापन सौंपा है मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही मांगों को मंजूर कर के सरकारी आदेश प्रसारित किए जाएंगे कर्मचारी मंच के प्रतिनिधि मंडल में अशोक पांडे सुनील पाठक लव प्रकाश पाराशर श्याम बिहारी सिंह हरि सिंह गुर्जर राकेश वर्मा शामिल थे।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि प्रदेश के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस का लाभ देने स्थायी कर्मियों को 2016 से एरियर सहित सातवें वेतनमान का लाभ देने एवं अनुकंपा नियुक्ति की पात्रता देने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को नियमित करने अंशकालीन कर्मचारी एवं वन सुरक्षा श्रमिक को कलेक्टर दर का वेतन देने कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारी को नियमित करने अनियमित कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी से नियमित हुए दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी सेवा काल की वरिष्ठता देने 2007 एवं 2020 के बीच नियुक्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को स्थाई कर्मी बनाने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को मेडिकल सुविधा अवकाश सुविधा सरकारी कर्मचारियों को सामान लाभ देने 3 साल की सेवा पूरी कर चुके अस्थाई कर्मचारी को सेवा से पृथक न करने एव 5 साल की सेवा पूरी कर चुके अस्थाई कर्मचारी को स्थाई कर्मी बनाने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष कर्मचारी मंच ने रखी है मुख्यमंत्री ने मांगों को मंजूर करने का आश्वासन दिया है सरकार ने मांगों को यदि तत्काल मंजूर नहीं किया तो प्रदेशभर का लाखों अनियमित कर्मचारी भोपाल में प्रांत व्यापी आंदोलन करेंगे।

## यौगिक स्वास्थ्य की कला सिखाएंगे ब्रह्माकुमारीज माउंट आबू के सुप्रसिद्ध राजयोगी

### डॉक्टर बी. के. राजयोगी डॉ. प्रेम मसंद का एक सप्ताह के दौरे पर भोपाल आगमन लोगों के जीवन से तनाव, हताशा, निराशा दूर करने पर केंद्रित होंगे कार्यक्रम

भोपाल - ब्रह्माकुमारीज माउंट आबू (राज.) के सुप्रसिद्ध राजयोगी डॉक्टर प्रेम मसंद जी का सात दिवसीय प्रवास पर आज ब्लेसिंग हाउस भोपाल आगमन हुआ 7 डॉ प्रेम मसंद जी एक सुप्रसिद्ध डॉक्टर हैं एवं पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सिखाओं को ग्रहण कर रहे है। वे एक सुप्रसिद्ध रेडीएशन ऑनकोलॉजिस्ट है। आप ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल प्रभाग द्वारा देश विदेश में सेवाएं दे रहे हैं।



ब्रह्माकुमारीज का मेडिकल प्रभाग स्वास्थ्य देखभाल में एक समग्र दृष्टिकोण पेश करके एक स्वस्थ दुनिया के निर्माण की चुनौती को पूरा करने की कोशिश कर रहा है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य के सभी पहलुओं के बारे में जागरूकता फैलाकर और स्वास्थ्य को बहाल करने के लिए दवा और ध्यान के संयुक्त उपचारों का उपयोग करके बीमारी और पीड़ा को मिटाना है। ध्यान, मन और शरीर को आराम देने और सकारात्मक सोच के माध्यम से अपनी आंतरिक शक्तियों को जागृत करने की एक प्रक्रिया है। यह एक व्यक्ति को तनाव में आए बिना जीवन के उतार-चढ़ाव का सामना करने के लिए सशक्त बनाता है। यह शरीर के भीतर एक विश्राम प्रतिक्रिया को ट्रिगर करता है जिसके द्वारा विभिन्न जैविक मापदंडों को सही किया जाता है। बढ़ी हुई इच्छा शक्ति रोगियों को जल्दी से स्वास्थ्य प्राप्त करने में मदद करती है।

इन्ही उद्देश्यों की पूर्ति हेतु जीवन में योग एवं आध्यात्म के समावेश से बेहतर स्वास्थ्य के द्वारा भोपाल वासियों को एक श्रेष्ठ जीवन शैली की कला सिखलाने ब्रह्माकुमारीज माउंट आबू से बी के डॉ प्रेम मसंद जी का रविवार शाम ब्लेसिंग हाउस भोपाल आगमन हुआ। वे दिनांक 17 से 24 जुलाई तक भोपाल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।अपने सात दिवसीय प्रवास के दौरान ब्लेसिंग हाउस भोपाल में मीडिया, डॉक्टर, व्यापारियों एवं उद्योगपतियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही आम जन हेतु भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे 7 इसके अलावा भोपाल के विभिन्न संस्थानों में प्रेरक वक्तव्य एवं अन्तः संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगेकार्यक्रम की आयोजक एवं ब्लेसिंग हाउस प्रभारी बी. के. डॉ. रीना दीदी ने बताया कि वर्तमान समय लोगों में बढ़ते हुए क्रोध, चिंता, निराशा, हताशा के कारण लोगों का जीवन तनाव से ग्रसित होता जा रहा है, जिसका सीधा प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर पड़ रहा है ।

## रेल मंत्रालय ने 35 डीआरएम नियुक्त किए

नई दिल्ली- भारत के राष्ट्रपति के अनुमोदन के बाद रेल मंत्रालय ने 35 अधिकारियों को डिविजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) के रूप में नियुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी

| Sno | Rly & Division | | Incoming | | Outgoing | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SCR | Secunderabad | Bhartesh Kumar Jain | IRSE | A K Gupta | IRSE |
| 2 | SR | Chennai | Eerya Bhukya Vishwanath | IRSE | Ganesh | IRSEE |
| 3 | NER | Varanasi | Vineet Kumar Srivastava | IRSE | Ramashray Pandey | IRSE |
| 4 | NR | Ferozpur | Sanjay Sahu | IRSE | Seema Sharma | IRTS |
| 5 | ER | Howrah | Sanjeev Kumar | IRSE | Manish Jain | IRSME |
| 6 | ECR | Danapur | Jayant Kumar Chaudhury | IRSE | Prabhat Kumar | IRTS |
| 7 | SR | Palakkad | Arun Kumar Chaturvedi | IRSE | | |
| 8 | ECR | Sonpur | Vivek Bhushan Sood | IRSE | Nilmani | IRSE |
| 9 | WR | Rajkot | Ashwani Kumar | IRSE | Anil Kumar Jain | IRSEE |
| 10 | CR | Bhusawal | Ity Pandey | IRTS | S S Kedia | IRSE |
| 11 | SCR | Vijayawada | Narendra Anandrao Patil | IRTS | Shivendra Mohan | IRSME |
| 12 | NWR | Bikaner | Ashish Kumar | IRTS | Rajeev Shrivastava | IRSE |
| 13 | ECoR | Khurda Road | H S Bajwa | IRTS | Rinkesh Roy | IRTS |
| 14 | WR | Bhavnagar | Anu Mani Tripathi | IRTS | Manoj Goyal | IRSEE |
| 15 | SR | Madurai | Sharad Srivastava | IRTS | P Ananth | IRSME |
| 16 | ECoR | Waltair | Saurabh Prasad | IRSME | A K Satpathy | IRTS |
| 17 | SWR | Bengaluru | Yogesh Mohan | IRSME | Shyam Singh | IRSE |
| 18 | ECR | Samastipur | Vinay Srivastava | IRSME | Alok Agarwal | IRSS |
| 19 | SCR | Guntakal | Manish Agarwal | IRSME | K Venkataramana Reddy | IRSSE |
| 20 | NR | Lucknow | Manish Thapliyal | IRSME | Suresh Kumar Sapra | IRSE |
| 21 | WCR | Bhopal | Devashish Tripathi | IRSME | Saurabh Bandopadhyaya | IRSSE |
| 22 | SER | Adra | Sumit Narula | IRSME | Manish Kumar | IRSEE |
| 23 | SER | Ranchi | Rajesh Malik | IRSME | Pradeep Gupta | IRSE |
| 24 | NWR | Jaipur | Vikas Purwar | IRSME | Narendra | IRAS |
| 25 | NR | Moradabad | Rajkumar Singh | IRSEE | Ajay Nandan | IRSME |
| 26 | NR | Delhi | Sukhwinder Singh | IRSEE | Dimpy Garg | IRSME |
| 27 | ER | Asansol | Chetna Nand Singh | IRSEE | Permanand Sharma | IRSME |
| 28 | NFR | Katihar | Surendra Kumar | IRSEE | Subhendu Kumar Choudhury | IRSME |
| 29 | NCR | Agra | Tej Prakash Agarwal | IRSSE | Anand Swaroop | IRSME |
| 30 | SCR | Hyderabad | Lokesh Vishnoi | IRSSE | S S Chandrayan | IRTS |
| 31 | NCR | Jhansi | Deepak Kumar Sinha | IRSSE | Ashutosh | IRSE |
| 32 | NFR | Rangiya | Neeraj Gupta | IRSSE | Vijay Kumar Srivastava | IRSS |
| 33 | NFR | Alipurduar | Amarjit Gautam | IRAS | Dilip Kumar Singh | IRSSE |
| 34 | SR | Tiruchirapalli | M S Anbalagan | IRSS | Manish Agarwal | IRSME |
| 35 | WR | Ahemdabad | Sudhir Kumar Sharma | IRSS | Tarun Jain | IRTS |

## कलेक्टर ने किया बच्चों से संवाद



भोपाल । कलेक्टर आशीष सिंह के द्वारा स्कूल चलें हम अभियान के तहत जुलाई माह में नियमित प्रतिदिन किसी न किसी शासकीय स्कूल का निरीक्षण किया जा रहा है । इस दौरान उनके द्वारा छात्रों से संवाद भी करते है। उसी क्रम आज सुबह टीटी नगर स्थित कमला नेहरू शासकीय स्कूल में बच्चों से संवाद किया।

प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी सीएम राइज स्कूल कमला नेहरू स्कूल, इनके अलावा तरुण पिथोरे, शासकीय एचएसएस, भौंरी, भास्कर लक्षकार, चुनाभट्टी स्कूल में, श्रीमती शिल्पा गुप्ता, सीएम राइज,बरखेड़ी में, आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग संजीव सिंह 1100 क्वाटर्स स्कूल में, लोक शिक्षण संचालनालय की अपर परियोजना संचालक श्रीमती मनीषा सेंतिया सीएम राइज स्कूल गोविंदपुरा में, आयुक्त आयुष श्रीमती सोनाली पोंक्षें सूरजनगर हासे में स्कूल चलें हम अभियान में शामिल होकर छात्रों से संवाद करेंगी। मंत्री विश्वास सारंग माध्यमिक विद्यालय बिजली कॉलोनी अशोका गार्डन में बच्चों से संवाद करेंगे, जबकि सांसद प्रज्ञा ठाकुर द्वारा 2.30बजे सरोजिनी नायडू हासेवि शिवाजी नगर में बच्चों से संवाद किया जाएगा। विधायक श्रीमती कृष्णा गौर सीएम राइज स्कूल महात्मा गांधी में बच्चों से संवाद एवं मेधावी छात्रों को सम्मानित करेंगी।

## देवरी में स्थापित होगी राजाभोज की मूर्ति, कावरे ने किया विकास पर्व का शुभारंभ

भोपाल। आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राम किशार कावरे ने कहा है कि बालाघाट जिले के परसवाड़ा तहसील के ग्राम देवरी में राजाभोज की मूर्ति स्थापित की जायेगी। राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में अधो-संरचना के कार्यों को महत्व देते हुए गाँवों के समग्र विकास के लिये संकल्पित है। राज्य मंत्री कावरे आज ग्राम देवरी में विकास पर्व के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री ने करीब 60 लाख रूपये के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी किया। राज्य मंत्री कावरे ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण और उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिये अनेक महत्वपूर्ण योजनाएँ शुरू की हैं। लाड़ली बहना योजना में अब प्रत्येक पात्र महिला के बैंक खाते में 1000 रूपये प्रतिमाह जमा कराये जा रहे हैं। ग्राम देवरी में 432 महिलाओं को इस योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। किसानों के आर्थिक हितों की चिंता का उल्लेख करते हुए राज्य मंत्री कावरे ने कहा कि प्रदेश में किसानों को एक साल में 12 हजार रूपये की राशि किसान सम्मान निधि योजना में दी जा रही है। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण दिया जा रहा है।



## भक्ति भाव से शुरू हुआ श्री झूलेलाल चालीहा महोत्सव



**छिंदवाड़ा।** चालीस दिनों तक चलने वाले श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव का शुभारंभ रविवार को भक्ति भाव, उत्साह के साथ मोहन नगर स्थित झूलेलाल मंदिर में हुआ। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सिंधी हिन्दु धर्म की रक्षा करने वाले भगवान वरुण अवतार भगवान झूलेलाल जी का चालिसा व्रत महोत्सव 25 अगस्त तक चलेगा। सिंधी समाज के बुजुर्ग, मातृशक्ति, युवा, बच्चे लगातार चालीस दिनों तक भगवान झूलेलाल जी आराधना करते हैं। सुबह शाम भजन कीर्तन, पंच रत्न जल अभिषेक, पंजड़ा, कलश स्थापना, अखंड ज्योत दर्शन आरती, पल्लव, प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रम इन दिनों होते हैं। बड़ी संख्या में सिंधी समुदाय के लोगों ने चालिस दिन व्रत धारण किए हैं। श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव के दौरान प्रति सप्ताह संतो के सत्संग होता है। समाज की तरफ से भव्य लंगर साहिब, वृद्धा आश्रम में सेवा, मूक बधिर बच्चों को भोजन वितरण सहित अनेक सामाजिक कार्य आयोजित किये जाते हैं, जिसके साथ साथ श्री शुभ बहराणा साहिब की शोभा यात्रा की धूम में भजन कीर्तन, नृत्य के साथ इस को पर्व पूरे सिंधी समाज में भारी उत्साह जोश व श्रद्धा भाव से मनाया जाता है। श्री झूलेलाल चालीसा समिति एवं श्री पूज्य सिंधी पंचायत ने सभी श्रद्धालुओ से निवेदन करती है की कार्यक्रम मे पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करे।

## पालोरा में पाइप लाइन विस्तार का जपं अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**बिछुआ।** ग्राम पंचायत गढ़ेवानी के ग्राम पालोरा में जनपद निधि से पेयजल हेतु पाइपलाइन विस्तार के कार्य का जनपद पंचायत अध्यक्ष सतीश भलावी ने भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी जिला उपाध्यक्ष असाडू भलावी, जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी, सरपंच शिवराम कायदा, उपसरपंच ओमकुमारी भलावी, अंकित ऊईके, रामकिशन टेकाम, नगारची धुर्वे सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## शिवपुराण कथा 25 जुलाई तक

**छिंदवाड़ा।** पुरुषोत्तम मास के पावन पर्व पर आयोजित श्री शिव पुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन 25 जुलाई 2023 तक राजपूत भवन पूजा लॉज के पास किया गया है छिंदवाड़ा आयोजक समस्त मोहल्ले वासी एवं विशेष संयोजक मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ जिला अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी एवं समस्त मित्र मंडली एवं समस्त मोहल्ला वासी भागवताचार्य श्री कृष्ण शास्त्री जी महाराज श्रीधाम वृंदावन के द्वारा सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन एवं पार्थिव निर्माण किया जा रहा है अधिक से अधिक भक्तगण पूर्ण लाभ अर्जित करें ।

## जानकी सूर्यवंशी को दी श्रद्धांजलि



**छिंदवाड़ा।** दिलीप बिल्डकॉन के अध्यक्ष एवं कलार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सूर्यवंशी की माताजी स्वर्गीय जानकी सूर्यवंशी की त्रयोदशी मे उनके निवास पर सादर श्रद्धांजलि देने पूर्व अध्यक्ष प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा एवं कार्यसमिति सदस्य धीरज पटेरिया एवं किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं अध्यक्ष जनाधिकार सेवा समिति संदीप रघु मौजूद रहे।

## सीएम इंटर्नशिप के अंतर्गत आवेदकों के साक्षात्कार 20 तक

**छिन्दवाड़ा।** सीएम इंटर्नशिप (मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र) के अंतर्गत भरे गए आवेदनों में आवेदकों के लिये 17 से 20 जुलाई तक विकासखंडवार जनपद पंचायत छिन्दवाड़ा के सभागार में साक्षात्कार का आयोजन किया गया है । साक्षात्कार के लिये चयनित प्रतिभागी लिंक https://services.mp.gov.in/eservice/subResults के माध्यम से अपना नाम देख सकते है। इसके अलावा जनसंपर्क छिन्दवाड़ा के सोशल मीडिया पेज के माध्यम से भी देख सकते है। साक्षात्कार के लिये चयनित प्रतिभागियों को उनके मोबाईल नंबर पर भी सूचित किया जा रहा है । सीएम फैलो गौरव कुमार जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप योजना 2023 के अंतर्गत मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र की चयन प्रक्रिया का प्रथम चरण पूर्ण हो गया है तथा द्वितीय चरण में साक्षात्कार की प्रक्रिया 17 से 20 जुलाई तक आयोजित की जा रही है । निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 17 जुलाई को विकासखंड मोहखेड़ के आवेदकों को प्रात: 9 बजे, पांढुर्णा के आवेदकों को विकासखंड अमरवाड़ा के आवेदकों को प्रात: 9 बजे, तामिया के आवेदकों को दोपहर 12 बजे व चौरई के आवेदकों को दोपहर 3 बजे, 19 जुलाई को विकासखंड परासिया के आवेदकों को प्रात: 9 बजे, साक्षात्कार के लिये उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं ।

# कमलनाथ ने बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री को छिंदवाड़ा आने का दिया आमंत्रण

### ढाई लाख वर्गफुट में बन रहा वाटर प्रूफ पंडाल, 30 एकड़ में पार्किंग

### सिमरिया के हनुमान धाम में बागेश्वर धाम सरकार के प्रवचन 5 से 7 अगस्त तक



**छिंदवाड़ा।** हनुमान सिद्व बागेश्वर धाम सरकर तीन दिन छिंदवाडा में रहेंगे। यहां सिमरिया हनुमान धाम में कथा सुनाएंगे। धीरेन्द्र शास्त्री 4 अगस्त को छिंदवाड़ा आएंगे। 5 से 7 अगस्त तक प्रतिदिन कथा प्रवचन करेंगे। बागेश्वर धाम सिंद्व पंडित धीरेन्द्र कृष्ण पूर्व सीएम कमलनाथ और सांसद नकुलनाथ के आमंत्रण पर छिंदवाड़ा आ रहे हैं उनके प्रवचन में लाखों की संख्या में श्रद्वालुओं के आने की संभावना है जिसको देखते हुए श्रद्वालुओं के लिए करीब ढाई लाख वर्ग फिट में वाटर प्रुफ पंडाल तैयार किया जा रहा है वाहन पार्किंग के लिए कथा पंडाल के अतिरिक्त कुछ दूरी पर 30 एकड़ में दो पार्किंग स्थल भी निर्धारित कर दिए गए हैं मंदिर की श्री मारूतीनंदन सेवा समीति ने बाबा बागेश्वर धाम सरकार के आगमन और कथा का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। सिमरिया धाम में अब तक देश की बड़ी बड़ी हस्तियां हनुमान जी के दर्शन को आ चुकी हैं इनमें देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी, मोरारी बापू, साध्वी उमाभारती, प्रख्यात गायक अनूप जलोटा सहित अनेक नाम शामिल हैं। यहां हर वर्ष हनुमान जयंती पर बड़े आयोजन होते हैं।

### बागेश्वर धाम पंडित धीरेन्द्र शास्त्री करेंगे जिले के 110 विद्यार्थियों को सम्मानित



**छिंदवाड़ा।** जिले में आयोजित होने जा रहे पंडित धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर धाम के सत्संग कार्यक्रम के अवसर पर मारुति नंदन सेवा समिति सिमरिया छिंदवाड़ा द्वारा तुलसीदास रचित रामचरित मानस(बालकाण्ड एवं सुंदरकांड) पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है,वरिष्ठ नेता आनंद बक्शी और सभापति प्रमोद शर्मा ने बताया कि इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के 110 चयनित विद्यार्थियों को पंडित श्री धीरेन्द्र शास्त्री जी सम्मानित करेंगे प्रतियोगिता में कक्षा 6वी से कक्षा 12वी में अध्यनरत विद्यार्थियों ही हिस्सा ले सकते है, विद्यार्थी का वर्तमान में निर्धारित कक्षा में अध्यनरत होना अनिवार्य है, विद्यार्थी छिंदवाड़ा जिले का मूल निवासी होना चाहिए। प्रतियोगिता ऑफलाइन प्रत्येक विकासखंड स्तर पर आयोजित की जावेगी परीक्षा केंद्रों की सूची व्हाट्सएप्प ग्रुप में ही दी जावेगी परीक्षा तिथि एवं अन्य जानकारिया व्हाट्सएप्प ग्रुप में ही दी जावेगी। प्रतियोगिता के विजेता को पुरुष्कार प्राप्त करने स्वयं आना अनिवार्य होगा। पंजीयन की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2023 ह, छात्रों को पंजीयन ऑनलाइन करना होगा। प्रथम 3 विजेताओं को कमलनाथ एवं नकुलनाथ द्वारा भी किया जावेगा सम्मानित। वस्तुनिष्ट प्रश्न तुलसीदास रचित रामचरित मानस(बालकाण्ड एवं सुंदरकांड) पर आधारित होंगे, कथा वाचन 4 से 7 अगस्त 2023 सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर सिमरिया, छिंदवाड़ा है।

### सिमरिया में आयोजित 2 दिव्य कथा के आयोजन सेवादारों में रजिस्ट्रेशन के लिये दिख रहा उत्साह



छिंदवाड़ा। श्री मारूतीनंदन सेवा समिति सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर सिमरिया छिंदवाड़ा में श्री बागेश्वर धाम जी पंडित धीरेन्द्र शास्त्री जी के सानिध्य में 4 अगस्त से 7 अगस्त तक आयोजित त्रि दिवसीय दिव्य कथा के आयोजन के लिये जिले के सेवादारों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है । जिला महिला कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस महिला कांग्रेस द्वारा स्थानीय राजीव भवन में 13 जुलाई से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार श्रीमती किरण चैधरी श्रीमती संतोषी गजभिये द्वारा सेवादारों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है । इसी क्रम में दिनांक 15 जुलाई दिन शनिवार को लगभग 100 सेवादारों का रजिस्ट्रेशन किया गया । इस अवसर पर दीपा यादव, मीना चैरसिया, रेखा शर्मा, साधना जंघेला, ममता चोखे, भावना मण्डराह, आशा गोस्वामी, रानू डेहरिया, संगीता ठाकुर, ज्योति डेहरिया, रेशमा खान, सीमा शुक्ला, पूजा विश्वकर्मा, दुर्गा मंडराह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थी ।

## युवामोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना जनजागरुकता कार्यक्रम



छिंदवाड़ा। भारतीय जनता युवामोर्चा छिन्दवाड़ा द्वारा ज़िले के सभी विधानसभाओं में मंडल स्तर पर मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना जनजागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें युवामोर्चा के कार्यकर्ता कोचिंग, स्कूल, कालेज व अन्य स्थान जहाँ युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहते है उन स्थानों में जनजागरुकता हेतु कार्यक्रम किए जा रहे है उसी क्रम में युवामोर्चा ज़िला अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप राणा चौरई विधानसभा के ग्रामीण मण्डल द्वारा आयोजित जनजागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित हुए जहाँ युवाओं को भाजपा की शिवराज सरकार की मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के बारे में जानकारी दी व ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया के साथ मिल रही ट्रेनिंग व 8 हज़ार से 10 हज़ार रु तक प्रतिमाह मिल रहे लाभ के बारे में विस्तार से समझाया। उक्त जनजागरुकता कार्यक्रम में भाजयूमो ज़िला अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप राणा जी,भाजयूमो मंडल अध्यक्ष प्रदीप रघुवंशी,सोशल मीडिया प्रभारी पवन गोस्वामी व युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## लोक सेवा आयोग मध्य प्रदेश को हाईकोर्ट ने किया तलब

### मामला शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीमती जसमीत गोगिया का

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग को हाईकोर्ट ने तलब किया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता डॉ. हृदेश श्रीवास्तव ने पैरवी की है,हाईकोर्ट जबलपुर की एकल पीठ के न्यायमूर्ति जी.एस. आहलूवालिया ने छिंदवाड़ा जिले की शिशु रागे चिकित्सक डॉ. श्रीमती जसमीत गोगिया के आवेदन को गलत तरीके से निरस्त करने के लिए सचिव लोक सेवा आयोग को तलब कर लिया है। याचिकाकर्ता के याचिका क्रमांक 14268 में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए सचिव लोक सेवा आयोग को तलब कर लिया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों विभिन्न चिकित्सा अधिकारियों सहित शिशु रोग विशेषज्ञ की भी भर्ती प्रक्रिया स्वास्थ्य विभाग द्वारा मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से संचालित की जा रही थी। इस हेतु विज्ञापन भी म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा प्रकाशित किया गया था। इस विज्ञापन में शिशु रोग विशेषज्ञ के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता का उल्लेख भी था। जिस हेतु डॉ. श्रीमती जसमीत गोगिया चिकित्सक भी पात्र थी। उन्होने आवेदन निर्धारित प्रक्रिया के द्वारा राज्य लोक सेवा आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया था, किन्तु राज्य लोक सेवा आयोग ने आवेदक को नोटिस जारी कर अवगत कराया कि उन्होने शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए हैं। इसलिए उनका आवेदन निरस्त हो सकता है। तत्पश्चात आवेदक ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग से शिक्षा दस्तावेज प्रदान कर पावती प्राप्त कर ली थी, किन्तु आयोग ने अंतिम रूप से यह बोलकर आवेदिका का आवेदन निरस्त कर दिया कि उन्होने शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण प्रस्तुत नहीं किए।

## नेमा दर्पण फॉउंडेशन महिला इकाई ने किया संगीतमय सुंदरकांड का पाठ

**छिंदवाड़ा।** श्रावण मास के अवसर पर नेमा दर्पण फॉउंडेशन महिला इकाई छिंदवाड़ा के द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। नेमा दर्पण फॉउंडेशन महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा नेमा ने बताया कि इस अवसर पर चेतना महिला मंडल द्वारा महिला रामायण मंडल ने संगीतमय सुन्दरकांड पाठ किया जिसमे सभी महिलाओं ने अपनी सहभगिता दी। कार्यक्रम की आयोजक श्रीमती पूजा नेमा ने उपस्थित सभी स्वजातीय बहनों का नेमा दर्पण फॉउंडेशन महिला इकाई छिंदवाड़ा की ओर से आभार व्यक्त किया।

## 22 लाख के विकास कार्यों का पूर्व विधायक पं रमेश दुबे ने किया भूमिपूजन

### चौरई विकासखंड के ग्राम बाड़ीवाड़ा से विकास पर्व का शुभारंभ



छिंदवाड़ा/चौरई। मप्र की शिवराज सरकार के निर्देशन में 16 जुलाई से 14 अगस्त तक चलने वाले मध्यप्रदेश विकास पर्व का रविवार को मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे जी ने चौरई जनपद क्षेत्र के ग्राम बाड़ीवाडा से शुभारंभ किया। पूर्व विधायक श्री दुबे, जंप अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी, जंप उपाध्यक्ष शैलकुमारी कमलेश वर्मा ने ग्राम पंचायत पांजरा और बाड़ीवाडा में 22 लाख रू के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। पूर्व विधायक श्री दुबे ने कहा की आज से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने बड़वानी जिले से विकास पर्व का शुभारंभ किया है मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार में विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं से बहन-बेटियों तथा किसानों की जिंदगी बदलने के लिए काम किया है। विकास पर्व में क्षेत्र को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिलेगी । कार्यक्रम में एसडीएम प्रभात मिश्रा, सीईओ तरुण राहंगडाले, नायब तहसीलदार गीता राहंगडाले, जंप सदस्य सुरक्षा दिनेश वर्मा, वरिष्ठ विलसराम साहू, राधेश्याम पटेल, शिवनारायण साहू, विनय मिश्रा, सत्यनारायण चोरिया, रेखन पटेल, अनिल पटेल, धर्मेंद्र पटेल, सारंग पटेल, मुन्ना पटेल, दीपक साहू, हरिओम साहू, राजाराम वर्मा,सरपंच अभिलाषा टीकाराम साहू, सरपंच प्रमिला साधुराम डेहरिया समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

## कांग्रेस कमेटी ने बनाई आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति

**परासिया।** क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी की बैठक मंगल भवन खि़रसाडोह में संपन्न हुए आदरणीय कमलनाथ ,जी नकुलनाथ जी एवं जिला कांग्रेस कमेटी से प्राप्त निर्देश अनुसार क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी, खि़रसाडोह के अंतर्गत बुथों के समन्वयक, बी एल ओ, पन्ना प्रभारियों एवं पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक आज मंगल भवन खि़रसाडोह में सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के सम्बंध में बूथवार विस्तार से चर्चा कर रणनीति बनाई गई। आज बैठक में सोहनलाल बाल्मीक जी (विधायक), ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र विश्वकर्मा, कोमल साहू (पर्यवेक्षक), नर्मदा तुमड़ाम क्षेत्रीय अध्यक्ष, खि़रसाडोह , अकबर खान,सुनील अहके जन.सदस्य, रंजीत डेहरिया,प्रकाश नवरेती सरपंच खू़मरा, सुप्रिया पन्द्राम,रमन ब्रम्हे, नितेश मदान, राहुल पवार, राहुल काकोड़िया, महेंद्र बेस,प्रदीप विश्वकर्मा, सहित सभी समन्वयक, संयोजक, बी एल ओ , पन्ना प्रभारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दस्तक अभियान... कुपोषित और एनीमिक बच्चों को देंगे इलाज



छिंदवाड़ा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीसी चौरसिया की अध्यक्षता में कार्यालय के सभाकक्ष में दस्तक अभियान मीडिया एडवोकेसी की बैठक का आयोजन किया गया दस्तक अभियान 18 जुलाई से 31 अगस्त 2023 तक आयोजित किया जाना है बैठक में उपस्थित इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के सदस्यों को डॉ प्रमोद वासनिक जिला मीडिया अधिकारी एवं डॉ एल एन साहू जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा आयोजित होने वाले दस्तक अभियान 18 जुलाई से 31 अगस्त 2023 के संबंध में बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि बीमार नवजात एवं बच्चों की पहचान व प्रबंधन एवं रेफरल, गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान ,गंभीर एनीमिया की सक्रीय स्क्रीनिंग ,दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण, निमोनिया की त्वरित पहचान प्रबंधन , विटामिन ए अनूपुरन ,जन्मजात विकृतियों की पहचान व रेफरल ,श्रवण बाधित एवं दृष्टि दोष की पहचान कर आरबीएसके द्वारा पंजीयन करवाना, बाल आहार संबंधी समझाइश देना, एसएनसीयू एवं एनआरसी से छुट्टी वाले बच्चों को स्क्रीनिंग व फॉलोअप करना, आंशिक रूप से टीकाकरण हेतु छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण करवाना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई दस्तक अभियान बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है जिसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है इस अभियान में 1,94,384 बच्चों को सी एच ओ एएनएम आशा कार्यकर्ता द्वारा घर घर घर-घर दस्तक देकर सेवाएं दी जाएगी।डॉक्टर जेसी चौरसिया द्वारा अभिभावकों से अपील की गई है कि अपने समस्त 0 से 5 साल के बच्चों का दस्तक अभियान में निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर स्वास्थ्य लाभ लें ।कार्यक्रम श्रीमती यशोदा वाघमारे उप मीडिया अधिकारी रघुनाथ बर्मा एवं विभागीय कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज होंगे बाबा महाकाल के दर्शन, नर्मदा जल से होगा रुद्राभिषेक




**छिन्दवाड़ा।** श्री राम मंदिर छोटी बाजार में प्रतिदिन भगवान शिव का नर्मदा जल से अभिषेक किया जा रहा है मंडल प्रवक्ता कृष्णा सेठिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर में सावन माह के दूसरे सोमवार को उज्जैन में विराजित बाबा महाकाल का साथ ही 12 अस्थाई शिवलिंगों का काशी से वेदाचार्य पंडित नंदकिशोर शास्त्री जी के द्वारा मंत्रोउच्चरणों के साथ हर हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा रुद्राभिषेक किया जायेगा सत्य धर्म मंडल के द्वारा प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम नि:शुल्क आयोजित किया जाता है सभी धर्मप्रेमी बंधुओ से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पूण्य लाभ लेने की अपील की गयी है

### सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का होगा महाभिषेक

छिन्दवाड़ा- स्थानीय अनगढ़ हनुमान मंदिर में सावन माह के पावन अवसर पर प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शिवलिंगों का रुद्राभिषेक किया जा रहा है *योगीराज नागेंद्र ब्रह्मचारी* जी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सावन के दूसरे सोमवार को सुबह 51 शिवलिंगों का श्रद्धालुओं के द्वारा अभिषेक किया जायेगा शाम 6 बजे से गुजरात मे स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ जी का विभिन्न नदियों के पावन जल से ढ़ोल नगाड़ों भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थति के बीच हर हर महादेव,बम बम भोले के जयघोष,बैंड बाजों के साथ महाभिषेक किया जायेगा साथ ही भंडारे प्रसाद का वितरण होगा सभी भक्तों से उपस्थति की अपील है

## महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज द्वारा किया गया वृक्षारोपण



**छिंदवाड़ा।** महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज की भैसादण्ड शाखा के मोक्षधाम भैसादण्ड में पदाधिकारियों एवं भैसादण्ड के सामाजिक बंधुओं के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया गया, इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामकुमार सोनी निनावे ने कहा कि हमें पेड़ों का महत्व समझना चाहिये, प्रत्येक पेड़ हमारे जीवन के अत्यधिक महत्वपूर्ण है, वे हमें ऑक्सीजन देते है जिसका महत्व हमने कोरोना काल मे अनुभव किया , इसलिए हमें निरंतर वृक्षारोपण करते रहना चाहिये ताकि भविष्य में कभी ऑक्सीजन की कमी न हो, पौधे हमे फल,छाया देने के साथ ही साथ पर्यावरण को भी सुरक्षित रखते है अत: हमें संकल्प लेना है कि वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करेंगे। सरपंच भैसादण्ड ने पौधों को सुरक्षित रखने हेतु ट्री गार्ड लगाकर पोधों को पालने की जिम्मेदारी ली। वृक्षारोपण कार्यक्रम में भैसादण्ड शाखा के अध्यक्ष सोमनाथ सोनी, युवा अध्यक्ष आनंद सोनी भैसादण्ड के सामाजिक बंधु एवं ग्रामवासियों के साथ छिंदवाड़ा से श्री राजू जी पापडे भूमिदान दाता एवं संरक्षक जिला युवा अध्यक्ष मिथिलेश सोनी, नगर अध्यक्ष रामस्वरूप खरबड़े, जिला उपाध्यक्ष अशोक सोनी, महेश गोलु सोनी, प्रशांत सवासेरे जिला युवा उपाध्यक्ष, मुकेश नगर सचिव, मुकेश सोनी, नगर समिति सदस्य जिला सदस्य बबन सोनी परासिया उपस्थित रहे, वृक्षारोपण उपरांत बैठक भी आयोजित की गई जिसमें वृक्षारोपण व साफसफाई का महत्व बतलाया गया एवं सामाजिक चर्चा भी की गई।

# रोटरी क्लब के नए अध्यक्ष बने अभय दूगड़ सचिव विनीत पाटौदी वा कोषाध्यक्ष जयेश गुप्ता

### विश्वास रोटरी का संकल्प सेवा का नलिनी लंगर,रोटरी क्लब की नई टीम ने पदभार ग्रहण किया



**छिंदवाड़ा ।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सेवा के लिए पहचाने जाने वाली संस्था रोटरी क्लब द्वारा जिले में भी अनेकों सेवा भावी कार्य किए जा रहे है। रविवार को वर्ष 2023द्व24 के रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के अधिष्ठापन समारोह का आयोजन नागपुर रोड स्थित होटल जे पी इन में पूर्व गवर्नर रोटेरियन नलिनी लंगर जी के मुख्य आतिथ्य में एवम रीजनल कोऑर्डिनेटर डाक्टर रत्नेश बग्गा जी,असिस्टेंट गवर्नर,डाक्टर हिना वाडेकर,असिस्टेंट गवर्नर अर्पित नेमा,के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ इस अवसर पर मंच पर वर्ष 2022द्व23 के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल का प्रतिनिधित्व करते हुए क्लब उपाध्यक्ष रोटे दीपक खंडेलवाल,वर्ष 2022द्व23 सचिव रोटेरियन विनोद तिवारी,वर्ष 2023द्व24के अध्यक्ष रोटेरियन अभय दूगड़ सचिव रोटेरियन विनीत पाटोदी उपस्थित थे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोटरी क्लब छिंदवाड़ा,परासिया,सौसर पादुर्ना,सहित रोटरी क्लब प्राइड छिंदवाड़ा,इन्हारवील क्लब छिंदवाड़ा, रोटरेक्ट क्लब छिंदवाड़ा,सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन ,प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रानिक मीडिया के बंधु गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सार्जेंट एम आर्म नीलेश गुप्ता ने अध्यक्ष सचिव को कालर पिन पहनाकर एवम कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा से प्रारंभ हुआ।रोटरी चतर्भुज मंत्र का वाचन नए कोषाध्यक्ष जयेश गुप्ता द्वारा किया गया मंचासिन अतिथियों का स्वागत रोटरी क्लब के पदाधिकारीयो ने बुके भेट कर किया । कार्यक्रम का शुभारंभ में गत वर्ष के किए कार्यों का विस्तृत जानकारी अपने सचिव प्रतिवेदन में विनोद तिवारी ने बताया की सभी रोटेरियन साथियों के सहयोग एवम मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवम शिक्षा विभाग के सहयोग से वर्ष भर पर्यावरण,शिक्षा स्वच्छता,स्वास्थ जागरूकता ट्रेकिंग,पौधारोपण, हर घर तिरंगा अभियान ,नेशन बिल्डर अवार्ड ,पल्स पोलियों अभियान में सहभागिता , सिटी वॉक,रोटरी स्थाई प्रोजेक्ट रोटरी डायलेसिस सेंटर नाहर नर्सिंग होम में शुभारंभ एवम प्रतिमाह 100 पेसेंट का आयुष्मान कार्ड के माध्यम से फ्री डायलेसेस ,पातालकोट में बच्चो को स्वेटर एवम पाठ्य सामग्री का वितरण,रोटरी फेलोशिप, दो स्कूलों में स्मार्ट टीवी एव पंखों का वितरण,सहित अनेकों सेवा भावी कार्यों की जानकारी सभी को प्रदान की गई।इसी के साथ रोटरी को वर्ष भर सक्रिय सहयोग एवम मार्गदर्शन हेतु क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा रोटेरियन संदीप सिंह चंदेल,रोटेरियन क्लब सचिव विनोद तिवारी,कोषाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, एम ओ सी के लिए सी ए राजेश साहू जी,अशोक अग्रवाल जी ,नीलेश लाठ,सहयोग के लिए दुर्गेश को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की और से क्लब उपाध्यक्ष दीपक खंडेलवाल ने सभी के प्रति आत्मीय सहयोग के लिए के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की।इसके बाद इस वर्ष के क्लब अध्यक्ष अभय दूगड़ एवम सचिव विनीत पाटोदी को पूर्व क्लब अध्यक्ष एवम सचिव ने कॉलर पिन पहनाकर पद भार सौपा।

# नवनियुक्त शिक्षक ने की 100 प्रतिशत वेतनमान की मांग



छिंदवाड़ा।नवनियुक्त शिक्षक संघ जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.) (Newly Appointed teachers Association) के बैनर तले जिले के नवनियुक्त शिक्षकों ने प्रदेश के मुख्यमन्त्री के नाम जिला कलेक्टर छिंदवाडा को रविवार को ज्ञापन सौंपकर मांग की प्रदेश के मुखिया द्वारा पूर्व घोषणानुसार विगत 2 वर्षों में हुई शिक्षक भर्ती में 100 प्रतिशत वेतनमान एवं परिवीक्षा अवधि 1 वर्ष लागू किया जाए। शिक्षकों ने बताया कि नवनियुक्त शिक्षकों के 12 अप्रैल 2023 को आयोजित भोपाल प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यमन्त्री ने सभी शिक्षकों को सौगत देते हुये 100 प्रतिशत वेतनमान और परीविक्षा अवधि 3 वर्ष से घटाकर 1 या करने की घोषणा की थी। लेकिन इसके बाद भी यह नियम आज तक लागू नहीं हो पाया है। ज्ञातव्य है कि आपने 2017 में ही यह नियम लागू कर दिया था और हमारे भर्ती विज्ञापन में भी इसका उल्लेख किया गया था। लेकिन मध्य में पूर्व सरकार ने इस नियम को बदलकर स्टायपेंड के रूप में प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत द्वितीय वर्ष 30 प्रतिशत तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत और वर्ष 100 प्रतिशत वेतन देने के नियम को लागू किया। इसमें हम नवनियुक्त शिक्षकों का नुकसान हुआ। पुन: आपकी सरकार आने के बाद प्रदेश के नवनियुक्त शिक्षकों ने ज्ञापन एवं अन्य मीडीया माध्यमों से आपसे बारंबार अनुरोध किया। और आपकी घोषणा के उपरांत भी औपचारिक तौर पर यह नियम लागू नही हो पाया है। आप सदा से ही शिक्षकों के हित में निर्णय ले रहे है शिक्षकों ने माननीय मुख्यमंत्री से पुन:अनुरोध करते हुए अपनी ही पूर्व घोषणा का स्मरण कर शीघ्र 100 प्रतिशत वेतनमान देने एवं परिवीक्षा हेतु प्रशासनिक आदेश जारी करने की मांग की। इस अवसर पर भीम सिंह चौरे, शिव उईके, महेन्द्र सिग ,किरण डेहरिया ,मनोहर बुनकर , नंदू यदुवंशी, चंद्रभान , विरेन्द्र वर्मा,पंकज साहू,हरीश साहू, नितिन उईके,शुभम शर्मा, पवन ठाकुर, राहुल जैन, चंचलेश बरासकर, अल्केश आलोंकर सहित बड़ी संख्या में नवनियुक्त शिक्षक उपस्थित थे ।

# वंदे भारत के कोच में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित




**भोपाल।** रानी कमलापति से निजामुद्दीन जा रही वंदे भारत ट्रेन के ष्ट-14 कोच में सोमवार सुबह आग लग गई। आग कोच के नीचे लगे बैटरी बॉक्स में लगी थी। बीना रेलवे स्टेशन से पहले ट्रेन को रोका गया। सभी पैसेंजर्स को सुरक्षित निकाला गया। फायर ब्रिगेड और रेलवे की टीम 58 मिनट में आग पर काबू पा सकी। सवा तीन घंटे की देरी से ट्रेन रवाना हुई।

20171 वंदे भारत ट्रेन सोमवार सुबह 5.40 बजे रानी कमलापति से रवाना हुई। कल्हार रेलवे स्टेशन से गुजरते समय ट्रेन से धुआं उठता देखा गया। गार्ड के कहने पर लोको पायलट ने बीना रेलवे स्टेशन से पहले कुरवाई केथोरा में ट्रेन खड़ी कर दी। इस समय सुबह के 7.10 बज रहे थे। फायर ब्रिगेड को पहले ही सूचना दे दी गई थी।

सी-14 कोच में 36 यात्री थे। टीम ने सुबह 7.58 बजे आग बुझा ली। इसके बाद कोच से बैटरी बॉक्स को अलग किया गया। सी-14 की इलेक्ट्रिक सप्लाई बंद कर दी गई। इसके पैसेंजर्स को सी-2 में शिफ्ट कर ट्रेन को सुबह 10.19 पर रवाना किया गया। इस बीच ट्रेन में ही पैसेंजर्स को फूड सप्लाई किया गया।

वंदे भारत ट्रेन में कांग्रेस नेता अजय सिंह, आईएएस अविनाश लवानिया सहित कई अन्य वीआईपी सफर कर रहे थे। घटना के बाद पूरी ट्रेन को खाली करा लिया गया। डीआरएम भोपाल सौरभ बंदोपाध्याय ने बताया, धुआं उठता देख गार्ड ने ट्रेन रुकवाई।

# नरेंद्र तोमर ने चातुर्मास कर रहे संत से सपरिवार आशीर्वाद लिया, फिर संभाली चुनाव प्रबन्धन की कमान



**भोपाल।** केंद्रीय कृषिमंत्री नरेंद्र तोमर ने भोपाल में होने के बावजूद पार्टी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सौंपे गए नए दायित्व को तत्काल ग्रहण नही किया बल्कि जैसे ही उन्हें इसका पता चला वे तत्काल सपरिवार सिवनी मालवा की तरफ जंगल मे निकल गए।

तोमर शनिवार को भोपाल में ही थे। उन्हें दोपहर में अनेक बैठकों में शामिल होना था लेकिन जैसे ही दिल्ली से उन्हें प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक बनाने की सूचना प्राप्त हुई वैसे ही उन्होंने विधायक रामपाल को बुलाया और अचानक उनके साथ सपरिवार निकल लिए। जब तक लोग फूल मालाएं लेकर पहुंचे वे वहां से जा चुके थे।

**चाँदगढ़ कुटी पहुंचे :** संयोजक बनते ही तोमर दोपहर करीब 2-30 बजे अपने परिवार व पूर्व मंत्री रामपाल सिंह के साथ सिवनी मालवा पहुंचे जहां श्री भीलट देव रेस्टहाउस में कुछ देर रुकने के बाद वे सिवनी मालवा तहसील के ग्राम भैंसादेह के समीप प्रख्यात चाँदगढ़ कुटी पहुंचे जहां प्रख्यात सन्त हीरापुर वाले महाराज जी से आशीर्वाद लिया। महाराज जी यहीं चतुर्मास कर रहे हैं। तोमर सहित सभी लोग महाराज जी की शरण मे करीब ढाई घन्टे रहे।